


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 268-● जबलपुर ● सोमवार, 1 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ●कार्तिक कृष्ण पक्ष -12 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

धनतेरस विशेष पृष्ठ 7 पर

## ऑस्ट्रेलिया से कोवाक्सिन को मिली हरी झंडी




**नई दिल्ली।** भारत की स्वदेशी टीका कोवाक्सिन लगाने वाले यात्री अब ऑस्ट्रेलिया की यात्रा कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने भारत बायोटेक के कोवाक्सिन टीका को मंजूरी दे दी है। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त, बैरी ओ फेरेल एओ ने सोमवार को यह जानकारी दी । हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन से कोवाक्सिन को अभी तक हरी झंडी नहीं मिली है। कंपनी ने अप्रैल में इमरजेंसी यूज लिस्टिंग के लिए आवेदन किया था। भारत बायोटेक की वैक्सीन कोवाक्सिन को अब तक वैश्विक स्तर पर मंजूरी नहीं मिली है जिसके चलते कोवाक्सिन की खुराक लेने वाले लोगों को कई देशों में यात्रा की अनुमति नहीं है। ज्यादातर देशों में उन्हीं लोगों की एंट्री हो रही है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डब्ल्यूएचओ की सूची में शामिल वैक्सीन की खुराक लगी हो। हालांकि, कुछ देश भारत के इस स्वदेशी टीके को मंजूरी दे रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की तकनीकी सलाहकार समिति ने कोविड के भारतीय टीके कोवाक्सिन को आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी देने के लिए समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक के दौरान टीके को आपात इस्तेमाल की मंजूरी नहीं दी गई है।

## प्रदेश ने विकास के नए आयाम छुए- शिवराज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश के नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। 1 नवंबर स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर सीएम शिवराज ने कहा कि प्रदेश में कोरोना नियंत्रण के बाद भी सावधानियों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का हृदय प्रदेश है। प्रदेश ने विकास के नए आयामों को छुआ है। गत डेढ़ दशक में विकास में नागरिकों की भागीदारी भी सराहनीय रही है। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के लिए भी समाज के सभी वर्ग योगदान देने के इच्छुक हैं। मध्यप्रदेश में जन-भागीदारी का मॉडल सफल हो रहा है। सुशासन और सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से नागरिकों को अनेक सुविधाएं और सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। अन्य प्रांत भी इसका अनुसरण कर रहे हैं। इस वर्ष कोरोना नियंत्रण के बाद भी सावधानियों की आवश्यकता है। स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में भी कोविड प्रोटोकॉल का पालन आवश्यक है। मप्र स्थापना दिवस पर एक नवंबर को लाल परेड मैदान पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के लोगों को स्थापना दिवस के मौके पर बधाई व शुभकामनाएं दी है। पीएम ने कहा कि मेरी कामना है कि प्राकृतिक संसाधन और कला-संस्कृति से समृद्ध यह प्रदेश यूं ही निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। अमित शाह ने कहा कि भारत का दिल कहे जाने वाला मध्यप्रदेश धर्म व संस्कृति की एक ऐसी भूमि है जिसने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। अंत्योदय के पथ पर अग्रसर राज्य के सभी निवासियों को व मुख्यमंत्री शिवराज जी को शुभकामनाएँ।




### फटाफट खबरें



## अखिलेश यादव नहीं लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, करेंगे प्रचार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश चुनाव 2022ञ यूपी में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बड़ा ऐलान किया है। अखिलेश ने एक इंटरव्यु में कहा कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इसके पीछे कारण यह है कि खुद को किसी एक सीट से बांधकर नहीं रखना चाहते हैं। वे पूरे प्रदेश में पार्टी के लिए प्रचार करना चाहते हैं।

## धनतेरस से पहले गिरा सोना का भाव, चांदी भी सस्ती

**नई दिल्ली।** धनतेरस पर पहले यदि आप सोना या चांदी खरीदने की योजना बना रहे हैं तो आपके लिए खुशखबरी है क्योंकि सोने और चांदी की ताजा कीमतों में गिरावट आई है। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय सराफा बाजार में 1 नवंबर को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (स्ष्टङ्ग) पर दिसंबर वायदा सोने की कीमत 0.1 फीसदी बढ़कर 47,695 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। गौरतलब है कि इससे पहले शुक्रवार को सोने की कीमत में 0.75 फीसदी की गिरावट आई थी। दूसरी ओर धनतेरस से पहले दिसंबर वायदा चांदी की कीमत में 0.16 फीसदी प्रति किलोग्राम की गिरावट आई है। चांदी की कीमत में बीते 5 दिन से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।,

## पंचायत कर्मचारी ने पत्नी और दो बच्चों की हत्या कर की खुदकुशी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में दिलदहलाने वाली घटना सामने आई है। एक पिता ने अपनी दो मासूम बेटियों को मौत के घाट उतारने के बाद पत्नी की हत्या की और अंत में खुद ही चौथी मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। नया रायपुर में पंचायत विभाग के कर्मचारी ने अपनी पत्नी और 2 बच्चों की हत्या कर सरकारी आवास के चौथे माले से कूदकर की खुदकुशी कर ली।जानकारी के अनुसार झंकार भास्कर ने अपनी पत्नी सुप्रीता भास्कर 7 साल की बेटी परी भास्कर और 3 साल के बेटे अंशी भास्कर की रात 2 बजे हथौड़ी से वारकर हत्या की, इसके बाद सरकारी आवास की चौथे माले से कूदकर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस को 4 पन्नों का सुसाइड नोट मिला है, जिसमें 2 पन्ने अपने भाई और सरकारी कर्मचारी संतोष कंवर को लेकर लिखा है।

### टिकैत की धमकी

## सरकार के पास 26 नवंबर तक का वक्त, उसके बाद गांव छोड़कर दिल्ली पहुंचेंगे किसान



**नई दिल्ली।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने एक बार फिर से केंद्र सरकार को चेतावनी दी है। राकेश टिकैत ने ट्वीट कर कहा है कि केंद्र सरकार के पास 26 नवंबर तक का समय है। उसके बाद 27 नवंबर से किसान गांवों से ट्रैक्टरों से दिल्ली के चारों तरफ आंदोलन स्थलों पर बॉर्डर पर पहुंचेगा और पक्की किलेबंदी के साथ आंदोलन और आन्दोलन स्थल पर तंबूओं को मजबूत करेगा। इससे पहले, यूपी गेट पर किसान आंदोलन स्थल के पास से सीमेंटेड व लोहे के बैरिकेड व कंटीले तार हटने के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने सरकार को चेताया है। उन्होंने रविवार सुबह ट्वीट कर कहा कि किसानों को अगर बॉर्डर से जबरन हटाने की कोशिश हुई तो देशभर में सरकारी दफ्तरों को गल्ला मंडी बना देंगे। उन्हें अंदेशा है कि किसी साजिश के तहत बिना मांगे माने किसानों को जबरन हटाया जा सकता है। वहीं, एनएच-9 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर तीसरे दिन भी एंबुलेंस और चार पहिया छोटे वाहन ही निकल पाए।



## ड्रग्स केस की लड़ाई, अंडरवर्ल्ड से संबंधों के आरोप तक आई



### मलिक का वार- पूर्व सीएम का ड्रग माफिया से संबंध, फडणवीस बोले दिवाली के बाद बड़ा बम फोड़ूंगा




**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री नवाब मलिक ने अब महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उनकी पत्नी अमृता फडणवीस पर निशाना साधा है। मलिक ने पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप लगाया। मलिक ने कहा कि महाराष्ट्र में फडणवीस के इशारे पर ड्रग्स का धंधा चल रहा है। नवाब मलिक ने अपने ट्विटर पर एक फोटो शेयर करते हुए यह सवाल उठाया कि भाजपा नेताओं का ड्रग पेडलर से क्या कनेक्शन है? नवाब मलिक ने अमृता फडणवीस के साथ एक ड्रग्स पैडलर की तस्वीर शेयर की है। जानकारी के मुताबिक, इस ड्रग पेडलर का नाम जयदीप राणा है। जिसे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जून 2021 को गिरफ्तार किया था। फिलहाल यह व्यक्ति जेल में है। अब इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करके यह सवाल पूछा जा रहा है कि आखिर भाजपा और ड्रग्स माफियाओं का क्या कनेक्शन है? मलिक ने कहा कि जयदीप राणा से उनके रिश्ते अच्छे हैं, इस मामले में वह 2021 में गिरफ्तार भी हो चुका है। मलिक ने कहा कि जयदीप राणा वही शख्स है, जिसने अमृता फडणवीस के एक म्यूजिक वीडियो को फाइनेंस किया था। मलिक ने रिवर सॉन्ग का वीडियो भी शेयर करते हुए लिखा कि इस वीडियो में अमृता ने न सिर्फ एक्टिंग की, बल्कि सोनू निगम के साथ गाना भी गाया था। अमृता के साथ देवेंद्र फडणवीस और पूर्व वित्त मंत्री सुधीर मुनगंटीवार भी नजर आ रहे हैं। वहीं, प्रदीप गाबा ड्रग्स खेल का बड़ा किरादर है। उन्होंने सवाल किया कि बड़े बड़े ड्रग पेडलर क्यों छोड़ दिए जाते हैं। इसका साफ मतलब है कि भाजपा और ड्रग्स माफियाओं के बीच अच्छे रिश्ते हैं। फडणवीस और राणा के संबंध की जांच होनी चाहिए। मलिक यही नहीं रुके वह प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा सचिन वझे की तरह ही फडणवीस ने नीरज नाम का एक गुंडा पाल रखा था। राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग के पूरे रैकेट और वसूली का काम वह गुंडा ही देखता था। मंत्री नवाब मलिक ने क्रांति रेडेकर को घेरते हुए कहा कि मराठी अस्मिता की चादर ओढ़कर आप खुद को और परिवार को बचाने का जो प्रयास कर रही हैं, वह कामयाब नहीं होगा। नवाब मलिक ने समीर वानखेड़े पर भी तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह से जिन्न की जान एक तोते में होती है, उसी तरह समीर वानखेड़े एक तोते की तरह हैं और जो राक्षसी सोच के लोग हैं,

## नहीं बढ़े घरेलू गैस सिलेंडर के दाम, कमर्शियल हुआ मंहगा



**नई दिल्ली ।** दीपावली के दौरान आम आदमी के एक बड़ी राहत मिली है। रसोई गैस की कीमतों में इस बार बढ़ोतरी नहीं की गई है, वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 266 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। दीपावली के दौरान कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण छोटे दुकानदारों को बड़ा झटका लगा है। नवंबर महीने के पहले दिन ही पेट्रोलियम कंपनियों ने गैस के दाम बढ़ा दिए हैं और एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 266 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।तेल कंपनियों ने सितंबर और अक्टूबर में भी पेट्रोलियम कंपनियों ने दाम में बढ़ोतरी की थी। 1 सितंबर को 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 43 रुपए बढ़ा दिए गए थे

## वापस लिया मंगलसूत्र का विज्ञापन



**भोपाल।** सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग के बाद सब्यसाची ने अपना मंगलसूत्र का विज्ञापन वापस ले लिया है। दरअसल मंगलसूत्र के विज्ञापन के लिए सब्यसाची ने अर्ध नग्न मॉडल का उपयोग किया था, जिसके बाद मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मुखर्जी के विज्ञापन पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने सब्यसाची को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, जिसके बाद रविवार देर रात सब्यसाची ने अपना यह विवादित विज्ञापन हटा लिया। अब नरोत्तम मिश्रा ने एक बयान में कहा है कि मेरे पोस्ट के बाद सब्यसाची मुखर्जी ने अपना आपत्तिजनक विज्ञापन वापस ले लिया है। अगर वह ऐसा दोबारा करते हैं तो सीधे कार्रवाई की जाएगी, उन्हें कोई चेतावनी नहीं दी जाएगी। उनसे और उनके जैसे लोगों से हमारी अपील है कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। सब्यसाची ने इंस्टाग्राम पर लिखा,'धरोहर और संस्कृति पर सतत चर्चा की पृष्ठभूमि में मंगलसूत्र विज्ञापन का मकसद समावेशिता और सशक्तीकरण पर बातचीत करना था। इस अभियान का मकसद उत्सव मनाना था और हमें इस बात का गहरा दुख है कि इससे हमारे समाज के एक वर्ग को कष्ट पहुंचा है। विज्ञापन अभियान को वापस लेने का निर्णय लिया हैं।'

## बिजली कर्मियों की हड़ताल शुरू



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सोमवार सुबह से 35 हजार बिजली कर्मियों ने हड़ताल शुरू करने का दावा किया है। इनमें कंपनी के अधिकारी, इंजीनियर, कर्मचारी और संविदा कर्मी शामिल है। ये किसी स्थान पर एकत्रित नहीं हुए हैं बल्कि दफ्तरों में काम करने नहीं पहुंचे हैं। ये घरों में रहकर ही हड़ताल कर रहे हैं। यूनाइटेड फोरम समेत अन्य संगठनों के दावे के अनुरूप यदि हड़ताल जारी रही तो शाम तक राजधानी भोपाल समेत कई शहरों में आपूर्ति व्यवस्था बिगड़नी तय है, ऐसा हुआ तो दीपावली पूर्व व्यापारी व उपभोक्ताओं को परेशानियां होंगी। हड़ताल की वजह दीपावली पूर्व महंगाई भत्ता, वेतन वृद्धि के एरियर की राशि का लाभ नहीं देना और पूर्व से लंबित मांगों का निराकरण नहीं करना बताया गया है। यूनाइटेड फोरम के संयोजक वीकेएस परिहार ने सोमवार सुबह हड़ताल के शुरू होने की पुष्टि की है।

## सेना की एके-47 को और खतरनाक बनाएगी स्वदेशी फर्म



**नई दिल्ली ।** पिछले कुछ सालों में रक्षा क्षेत्रों में हुए बदलाव और आत्मनिर्भरता के लिए उठाए गए कदमों का असर अब दिखाई देने लगा है। भारतीय रक्षा कंपनियां कई विदेशी कंपनियों को पछाड़कर खुद को स्थापित कर रही हैं। इसी के तहत भारतीय सेना की एके-47 असॉल्ट राइफल को अपग्रेड करने के लिए सबसे कम बोली लगाने वाली कंपनियों में बंगलूरू की एसएसएस डिफेंस सामने आई है। इस रक्षा कंपनी ने अपने प्रतिद्वंदी को बोली में पछाड़ दिया है। अगर सबकुछ ठीक रहा था तो चार साल पहले स्थापित हुई एसएसएस डिफेंस भारतीय सेना की एके-47 असॉल्ट राइफल की छोटी संख्या को अपग्रेड करेगी। बंगलूरू की एसएसएस डिफेंस छोटे हथियारों व गोला-बारूद की निर्माता कंपनी है। इस कंपनी ने ही भारतीय सेना के लिए कलाश्निकोव राइफल को अपग्रेड किया था। अधिकारियों का कहना है कि यह भारतीय फर्म दक्षिणी पश्चिमी कमान की एक सेना इकाइ के पास 24 एके-47 राइफल को अपग्रेड करेगी। अगर यह अपडेटशन सही से हुआ तो कंपनी को और बड़े ऑर्डर भी मिल सकते हैं।

### और खतरनाक होगी एके-47

सैन्य अधिकारियों का कहना है कि एके-47 भारतीय सेना का एक बुनियादी हथियार है। इस हथियार ने सेना की कई आवश्यकताओं को पूरा किया है। अधिकारियों का कहना है कि एसएसएस डिफेंस भारतीय सेना के इस हथियार को और भी ज्यादा खतरनाक और काम करने में आसान बना देगी। उन्होंने बताया कि इस अपग्रेडेशन में टेक्टिकल फ्लैशलाइट, लेजर लाइट, फ्लैश हैडर, डस्ट कवर, हैंड गार्ड व कई तरह के ग्रिप भी शामिल हैं।



## महबूबा मुफ्ती फिर नजरबंद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री पीडीपी की मुखिया महबूबा मुफ्ती को सोमवार को नजरबंद किया गया है। महबूबा मुफ्ती शोपियां जिले जाने की योजना बना रही थीं। बताया जा रहा है कि सुरक्षा कारणों से उन्हें शोपियां जाने की इजाजत नहीं मिली है। हालांकि इस मामले में पुलिस की ओर से अभी कोई बयान नहीं आया है। इससे पहले पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को बीते महीने की नौ तारीख को नजरबंद रखा गया था। इसकी जानकारी उन्होंने ट्वीट कर दी थी। महबूबा मुफ्ती सोमवार को शाहिद अहमद राथर के घर जाने की योजना बना रही थीं।

## त्योहारी सीजन में मंद पड़ी कोरोना की रफ्तार, आज 12 हजार नए मामले



**नई दिल्ली।** त्योहारों के बीच देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार सुस्त पड़ती जा रही है। राहत की बात है कि पिछले तीन दिनों से कोरोना के दैनिक मरीजों का आंकड़ा कम हो रहा है। 29 अक्तूबर से कोरोना के मामले 15 हजार से कम आ रहे हैं। बीते 24 घंटे में संक्रमण के 12, 514 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 254 लोगों की मौत हुई। वहीं, 12, 718 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। इसके अलावा कोरोना के सक्रिय मामलों में भारी गिरावट देखने को मिली है। देश में

### देश में कोरोना महामारी आंकड़ों में

बीते 24 घंटे में कुल नए केस आए-12,830 हजार
बीते 24 घंटे में कुल ठीक हुए- 12,718 हजार
बीते 24 घंटे में कुल मौतें-251
देश में अभी सक्रिय मरीजों की संख्या- 1.58 लाख
अब तक कुल ठीक हुए लोग- 3.36 करोड़
अब तक कुल हुए संक्रमित- 3.42करोड़
अब तक कुल मौतें- 4.58 लाख
अब तक कुल कोरोना टीका-1.06 करोड़

## सीएम योगी का पलटवार, पटेल की तुलना शर्मनाक



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार किया है। योगी ने कहा कि जिन्ना से पटेल की तुलना शर्मनाक है। अखिलेश यादव को जनता से माफी मांगनी चाहिए। विभाजनकारी मानसिकता जनता स्वीकार नहीं करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का बयान अत्यंत शर्मनाक है। सरदार पटेल भारत की एकता और अखंडता के शिल्पी हैं। कल सपा प्रमुख की विभाजनकारी मानसिकता सामने आ गई। जब उन्होंने जिन्ना को समकक्ष रख के सरदार वल्लभ भाई पटेल की द तुलना की।




## दीवाली के लिए सजी राम की नगरी 'अयोध्या'

### आज से आयोजन



**अयोध्या।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में इस बार भव्य दीपावली मनाने की तैयारी चल रही है। दीपावली के अवसर पर इस बार अयोध्या शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। गौरतलब है कि इस बार उत्तर प्रदेश सरकार 1 से 3 नवंबर के बीच पूरे प्रदेश भव्य दीपावली मनाने के लिए कई शहरों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। 1 नवंबर को अयोध्या के राम कथा संग्रहालय में राज्य के पर्यटन और संस्कृति मंत्री नीलकंठ तिवारी राम शिल्प बाजार का उद्घाटन करेंगे। साथ ही 1 नवंबर को ही रामकथा पार्क में पद्मश्री गायक अनूप जलोटा रामायण पर संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। साथ ही जनकपुर (नेपाल) के सांस्कृतिक दल द्वारा रामलीला की प्रस्तुति भी की जाएगी। दीपोत्सव कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी 2 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल राइटर्स एवं ब्लागर्स द्वारा अयोध्या में हेरिटेज टूर कराया जाएगा। होटल हेरिटेज में अयोध्या के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में दोबारा तलाशना विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव, लोक गायिका मालिनी अवस्थी, लेखक, यतीन्द्र मिश्रा और मनोज दीक्षित जैसे कई दिग्गज बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम 4 बजे पर्यटन विभाग द्वारा अयोध्या धाम की विकास परियोजनाओं और विजन डॉक्यूमेंट प्लान का प्रस्तुतीकरण होगा। वाराणसी, आजमगढ़ के कला समूहों द्वारा नाटक की प्रस्तुति की जाएगी।

## मोटू-पतलू गैंग ने नशे में 20 से ज्यादा महिलाओं को लूटा

**इंदौर।** चेन व मंगलसूत्र लूटने वाले मोटू-पतलू गैंग ने पूर्वी क्षेत्र में 20 से ज्यादा महिलाओं को लूटना स्वीकारा है। आरोपित स्मैक का नशा कर वारदात करने निकलते थे। लूट का सोना सराफा के सुनारों को बेचना भी कुबूला है। आरोपितों ने विजय नगर, लसूड़िया, हीरानगर और तिलक नगर क्षेत्र में वारदात करना कुबूला है। हीरानगर थाना पुलिस गिरोह के एक बदमाश कृष्णा परमार की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, आरोपित अभिषेक मेहरा, गौरव राठौर और योगेश टेकाम को सुखलिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि गिरोह में कृष्णा परमार भी शामिल है, जो फरार हो गया। जांच अफसरों के मुताबिक, आरोपित दो-दो के जोड़े में लूट करने निकलते थे।



मौन श्रद्धांजलि

# तेरी याद में ....अंशुमान

## हमने एक जीवंत पत्रकार और जिंदादिल साथी को खो दिया

**जबलपुर । असमय इस दुनिया को अलविदा कह गए पत्रकार अंशुमन भार्गव को नगर के पत्रकारों राजनीतिक हस्तियों समाज के हर वर्ग ने दिल से याद किया । विजय नगर स्थित होटल प्रिंस विराज के सभागार में पत्रकारों द्वारा तेरी याद में अंशुमान कार्यक्रम आयोजित किया गया। आलम इतना भावनात्मक था कि शब्दों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित अनेक वक्ताओं के नेत्र सजल होते और मंच पर रुंधे गले से निकलती है । रुधी आवाज में ही अंशुमन से जुड़ी हर याद को उपस्थित जनों से साझा किया ।**

### सजल नेत्रों से दी श्रद्धांजलि

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र वाजपेई ने कहा कि जबलपुर में अंग्रेजी पत्रकारिता के चुनौतीपूर्ण कार्य को अंशुमन भार्गव ने बड़ी खूबी से स्वीकार किया और निभाया। वरिष्ठ पत्रकार चैतन्य भट्ट ने कहा कि अंशुमान की पत्रकारिता उनकी उम्र के मुकाबले कहीं आगे थी। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल भी अंशुमन भार्गव के साथ बीते जिंदगी के लम्हों को याद करते हुए भाव-विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि हमने एक जीवंत पत्रकार और जिंदादिल साथी को खो दिया जिसकी भरपाई असंभव है । इस मौके पर सांसद राकेश सिंह ने भी अंशुमन भार्गव को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि अंशुमन का चले जाना नगर की पत्रकारिता में एक खालीपन दे गया, जिसकी भरपाई अब नहीं हो सकेगी। नगर के वरिष्ठ पत्रकार आशीष शुक्ला ने कहा कि अंशुमान के रूप में मैंने मित्र और एक भाई को खो दिया है, उन्होंने समस्त पत्रकारों की ओर से केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि अंशुमन की जिंदगी के संघर्ष में प्रहलाद पटेल ने जो साथ दिया वह भी अविस्मरणीय है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई, पूर्व महापौर प्रभात साहू, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, कैंट विधायक अशोक रोहाणी, धीरज पटेरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, जगत बहादुर सिंह, पूर्व डीआईजी राजेश तिवारी, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा, डॉ.अश्विनी त्रिवेदी , श्रीमती अर्चना भटनागर ने भी दिवंगत पत्रकार अंजुमन भार्गव को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक विनय सक्सेना फिनिक्स ग्रुप के गौरव दुबे एवं सुमित कालिया, विष्णु माया गायत्री ट्रस्ट से साध्वी देवानंद गिरी, महाकोशल चेंबर ऑफ कॉमर्स से हेमराज अग्रवाल इसके अलावा महाकौशल कला महाविद्यालय पूर्व छात्र संघ एवं रानी दुर्गावती पूर्व छात्र संघ ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने स्व. श्री अंशुमन भार्गव के चित्र पर श्रद्धा सुमन रूपी फूल अर्पण करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोक संतप्त परिवार को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने कहा कि श्री अंशुमन भार्गव मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्ति थे। श्री भार्गव का असमय चले जाना पत्रकारिता जगत के लिये अपूरणीय क्षति है।


केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा पुष्पांजिल


सांसद राकेश सिंह द्वारा किया गया नमन


कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने अर्पित श्रद्धा के पुष्प


पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने दी श्रद्धांजलि साथ में यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला

# धनतेरस कल, सजग गए बाजार, उमड़ी भीड़

**जबलपुर।** इस वर्ष दीपावली के पंचदिवसीय उत्सव का प्रारंभ मंगलवार को धनतेरस से होगा। इसी दिन आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की जयंती श्रद्धा, उल्लास से मनाई जाएगी। धनतेरस पर परंपरा अनुसार खरीदारी के साथ धन के देवता कुबेर, मां लक्ष्मी, धन्वतंरि और यमराज का पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी। ग्रहीय योग इस बार धनतेरस पर खरीदारी के लिए शुभकारी रहेगा। इस दिन सोने-चांदी और घर के बर्तनों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है। बाजार में खासी भीड़ उमड़ रही है।

2 नवंबर मंगलवार धनतेरस से होगा। विशेष बात यह है कि इस दिन सुबह 6.29 बजे सूर्योदय के साथ ही त्रिपुष्कर योग का प्रारंभ हो जाएगा और यह त्रिपुष्कर योग दिन में 11.31 बजे तक रहेगा। ज्योतिषशास्त्र में ऐसी मान्यता है कि त्रिपुष्कर में किए गए शुभ कार्यों का फल तीन गुना प्राप्त होता है। धनतेरस के दिन भौम प्रदोष व्रत, यम दीपदान, धनवंतरी जयंती भी मनाई जाएगी ।धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि का जन्म हुआ था। धनतेरस कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन सोना, चांदी या बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। इस साल धनतेरस के दिन दिन भर खरीदारी के लिए शुभ है। शाम 06.30 बजे से रात 08.11 बजे तक पूजा और दीपदान के लिए शुभ है।ज्योतिषाचार्य वासूदेव शास्त्री अनुसार 2 नवंबर मंगलवार को सुबह 11.31 बजे से त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ हो जाएगा और यह तिथि दूसरे दिन सुबह 9.02 बजे तक रहेगी। त्रयोदशी तिथि मंगलवार के दिन पूर्ण प्रदोष काल को व्याप्त होने के कारण धनतेरस मंगलवार के दिन ही मनाई जाएगी।


बाजार में लोग आसानी से कर रहे खरीददारी

# कोरोना योद्धाओं का किया सम्मान

**जबलपुर।** वैश्विक महामारी के प्रकोप के कोरोना काल मे समर्पित होकर देश के नागरिको की सेवा करने वाले चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पुलिस प्रशासन, शिक्षको, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,स्वास्थ्य कर्मी, स्वयंसेवको का सम्मान समारोह चेरीताल मित्र मंडल जबलपुर के संयोजन में कोरोना टीकाकरण महोत्सव स्थल स्टेम फील्ड स्कूल आनंद कालोनी चेरीताल जबलपुर मे पूर्व स्वास्थ्य राज्य मंत्री शरद जैन , वरिष्ठ समाजसेवी डा जितेंद्र जामदार , पूर्व पार्षद नवीन रिछारिया ,जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ दाहिया , रेडक्रास सोसाइटी जबलपुर के सचिव डॉ आशीष दीक्षित , टी आई अनिल गुप्ता, उखरी चौकी प्रभारी एस आई संध्या तिवारी , स्टेम फील्ड स्कूल के संचालक पर्व जायसवाल के अतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें वैश्विक महामारी के प्रकोप के कोरोना काल मे समर्पित होकर देश के नागरिको की सेवा करने वाले चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पुलिस प्रशासन, शिक्षको, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,स्वास्थ्य कर्मी, मीडिया कर्मी 51 स्वयंसेवकों का सम्मान शाल श्री फल , स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर विध्येश भापकर, नरेंद्र साहू , नरेंद्र खरे , अरविंद गुप्ता, राजेश ताम्रकार, प्रशांत महानूर ,शैलेष पटेल , अंबर दुबे ,श्रीमती नीलमणी जैन,हेमंत खरे ,आलोक चनपुरिया ,निखिल यादव ,ललिता जावरे ,अमिता यादव,गायत्री बालानी,राम ठाकुर , आशीष चौधरी ,सुनील रजक ,सुधा ठाकुर,अरविंद गुप्ता , सरिता अहिरवार,शैलेन्द्र ठाकुर ,नरेंद्र साहू ,जगदीश वासवानी,निमिष रैकवार,अमन गोकलानी ,रधु तिवारी ,निशांत गुलावबानी, अर्पणा अग्रवाल ,सचिन तिवारी ,शुभम सौरभ दुबे ,शंकर चौधरी ,रामेश्वर विश्वकर्मा,अनिता दहिया ,श्रीमती सीमा आलोक ठाकुर की उपस्थित रहे।



पूर्व मंत्री शरद जैन, डॉ. जितेन्द्र जामदार ने पर्व जायसवाल को किया सम्मानीत




## बाजारों में खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़

# सुचारु यातायात व्यवस्था, पुलिस ने संभाली कमान






धनतेरस व दिवाली के दौरान शांति, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। पुलिस थानों में उपलब्ध पुलिस बल के अलावा व्यवसायिक क्षेत्रों में अतिरिक्त सैकड़ों जवानों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है। बाजारों में किसी भी तरह की आपराधिक घटना न होने पाए इसकी जिम्मेदारी थाना प्रभारियों को सौंपी गई है। निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन खड़े किए जा सकेंगे।

**सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक**



**जबलपुर।** दीपावली के मद्देनजर बाजारों में खरीदरी के लिए उमड़ रही भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। यातायात व्यवस्था भी इस तरह से की गई है कि लोगों को असुविधा न हो और ट्रैफिक जाम का सामना भी न करना पड़े। शहर के मुख्य प्रवेश मार्गों पर फिक्स पाइंट बनाकर पुलिस के जवान 24 घंटे ड्यूटी कर रहे हैं।

पुलिस द्वारा नौ मुख्य मार्गों पर जहां से आवागमन करने वालों पर नजर रखते हुए वाहनों की तलाशी ली जा रही है। व्यवसायिक क्षेत्रों में ग्राहकों कइसके लिए शहर में 11 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। लूट, चोरी समेत अन्य आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए बाजारों में 600 से ज्यादा पुलिस जवान तैनात रहेंगे। यातायात पुलिस के 100 से ज्यादा जवान व्यवसायिक क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए तैनात किए जाएंगे। विदित हो कि दो नवंबर को धनतेरस तथा चार नवंबर को दिवाली पर्व मनाया जाएगा। रविवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल ने शहर की यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

### बाजारों में 600 से ज्यादा जवान कर रहे निगरानी

### व्यवसायिक क्षेत्रों के लिए यातायात व्यवस्था तय

#### बड़ा फुहारा, गंजीपुरा, सराफा बाजार क्षेत्र

1-सुपर मार्केट से बड़ा फुहारा की ओर तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। केवल दो पहिया वाहनों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

2-कछियाना क्रासिंग, दत्त मंदिर क्रासिंग, गोलबाजार से गंजीपुरा मार्ग पर तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। दो पहिया वाहन गंजीपुरा की ओर जा सकेंगे।

3-रानीताल, गढ़ाफाटक मार्ग से घमंडी चौक, बड़ा फुहारा की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों को शंकर घी भंडार तक जाने दिया जाएगा। दो पहिया वाहन ही बड़ा फुहारा, घमंडी चौक की ओर जा सकेंगे।

4-बल्देवबाग की तरफ जाने वाले तीन एवं चार पहिया वाहनों को पांडे चौक तक जाने की अनुमति होगी। केवल दो पहिया वाहन पांडे चौक से बड़ा फुहारा की ओर जा सकेंगे।

5- मिलौनीगंज से सराफा चौक, बड़ा फुहारा मार्ग पर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहन ही जा सकेंगे।

6-करमचंद चौक से तुलाराम चौक की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहन ही जा सकेंगे।

7-तुलाराम चौक से अंधेरदेव होते हुए बड़ा फुहारा मार्ग पर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहन ही जा सकेंगे।

8-गलगला चौक से तुलाराम चौक की तरफ तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहन ही जा सकेंगे।

#### पार्किंग व्यवस्था

1-गोलबाजार।

2-श्रीनाथ की तलैया।

3-तिलकभूमि तलैया।

#### गढ़ा बाजार क्षेत्र

1-पंडा की मढ़िया से गढ़ा बाजार की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा।

2-देवताल चौक से गढ़ा बाजार की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनों से आवागमन किया जा सकेगा।

#### पार्किंग व्यवस्था

1-इमरती तालाब के सामने ।

2-शाही नाका रोड सुलभ काम्पलेक्स के सामने।

#### गोरखपुर बाजार क्षेत्र

1-छोटीलाइन फाटक से गोरखपुर बाजार की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनों से आवागमन किया जा सकेगा।

2-आजाद चौक से गोरखपुर बाजार की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा।

#### पार्किंग व्यवस्था

1-छोटी लाइन फाटक के पास मैदान में।

2-कपूर क्रासिंग से आजाद चौक तक स ?क के दोनों ओर।

3-आजाद चौक से गुलाटी पेट्रोल पंप की तरफ सड़क के दोनों ओर।

#### सदर बाजार क्षेत्र की यातायात व्यवस्था

1-पेंटीनाका चौक से सदर बाजार की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

2-जायसवाल पेट्रोल पंप से सदर बाजार की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

3- टीआइ क्रासिंग से सदर मुख्य मार्ग की ओर तीन एवं चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। दो पहिया वाहनों से आवागमन किया जा सकेगा।

#### पार्किंग व्यवस्था

1-यादगार चौक से टीआइ क्रासिंग सड़क के दोनों ओर।

2-टैगोर गार्डन के सामने।

3-सेंट जोसफ स्कूल के सामने मैदान में।

### एक नजर में

- शहर के प्रवेश मार्गों पर पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। नौ पाइंट पर तैनात जवान मार्ग पर आवागमन करने वालों की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। पर्व के दौरान बाहरी बदमाशों, चोरों, लुटेरों को शहर के प्रवेश मार्ग पर ही पकड़ लिया जाएगा।
- पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टियां समूचे शहर में भ्रमण करती रहेंगी। जो यातायात व्यवस्था व संदिग्ध गतिविधि वालों पर नजर रखेंगी।
- शहर में कहीं भी किसी घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम रिस्पांस टाइम में मौके पर पहुंच जाएगी। शहर में 5-10 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 10-15 मिनट रिस्पांस टाइम तय किया गया है।
- पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात जवान सीसीटीवी कैमरों से समूचे शहर में नजर रखेंगे। 615 सीसीटीवी कैमरे 125 स्थानों पर लगाए गए हैं। किसी वारदात को अंजाम देकर भागने की कोशिश एनपीआर कैमरों की सहायता से नाकाम की जा सकेगी। इधर, रविवार को यह रहे हालात- धनतेरस व दिवाली पर यातायात व्यवस्था के लिए कमर कसी जा रही है। वहीं रविवार को शहर के तमाम व्यवसायिक क्षेत्रों में यातायात रेंगता नजर आया। जिन मार्गों पर बड़े वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है वहां भी दुकानों के सामने चार पहिया वाहनों की पार्किंग देखी गई। व्यापारियों ने धनतेरस व दिवाली में अच्छे खासे कारोबार की उम्मीद की है। जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पर्व से पहले ही खरीदी करने के लिए ग्राहक बाजारों में टूट पड़े हैं। रविवार को शहर के मुख्य व्यापारिक स्थल सराफा व फुहारा में बेतरतीब यातायात व्यवस्था के चलते ग्राहकों व व्यापारियों को परेशान होना पड़ा।




## बीएमएस की दो दिनी प्रदेशिक बैठक

### असंगठित क्षेत्र में कार्य विस्तार और अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय मजदूर संघ की दो दिवसीय 31 अक्टूबर तक प्रादेशिक बैठक जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय माइक्रोब्स रिसर्च एंड प्रोडक्शन सेंटर मैं संपन्न हुई।बैठक में संगठनात्मक चर्चा हुई।प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा ने बताया कि दो दिनी मंथन के दौरान असंगठित क्षेत्र मे कार्य विस्तार कोरोना काल मे प्रभावित हुए मजदूरों को स्वावलंबन के प्रयास और उन्हें सरकार ने ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए प्रेरित करने जैसे विषय शामिल रहे। बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जयंतीलाल रामनाथ गणेश राष्ट्रीय मंत्री विशेष आमंत्रित मुख्य अतिथि अशोक रोहाणी विधायक केंट विधानसभा क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ धर्मदास शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह किशोरी लाल प्रदेश महामंत्री मधुकर साबले रामकुमार सैयाम कृष्ण कांत शर्मा एवं भारतीय मजदूर संघ जबलपुर संस्कारधानी की सभी यूनिट के अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## देशवासियों के हितों की रक्षा सेवादल-कांग्रेसजनों की जिम्मेदारी : दिनेश यादव



**जबलपुर।** हमारे पूर्वज तिरंगे की छाया में फिरंगीओं के खिलाफ लड़ाई लड़ते रहे हैं। सेवादल इसी तिरंगे की प्रेरणा में देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। देशवासियों के हितों की रक्षा सेवादल-कांग्रेसजनों की जिम्मेदारी है जिसे हम हर हाल में निभाएंगे। उक्त राय के विचार कांग्रेस के नगर अध्यक्ष दिनेश यादव ने नगर सेवादल के ध्वज वंदन कार्यक्रम में सिविक सेंटर में व्यक्त किए इंदिरा जी की स्मृति में आयोजित संगोष्ठी में सेवा दल के राष्ट्रीय संगठन एवं समीक्षा प्रभारी डॉ सत्येंद्र यादव ने कहा इंदिरा जी का बलिदान, देश की एकता और अखंडता के लिए हुआ है देश के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की प्रतिष्ठा बनाए रखने का काम इंदिरा युग में ही हुआ था सभा में सभी वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने अपने विचार रखे। इस मौके पर शहर अध्यक्ष पंडित सतीश तिवारी,कैलाश तिवारी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा विनोद जैन, सेवादल महिला अध्यक्ष एड. मीनाक्षी स्वामी, सेवादल युथ अध्यक्ष यतेद्र सोनी, अशोक वाधवा जी, एडवोकेट अशोक बर्मन, एडवोकेट राजेंद्र मिश्रा,संजय अहिरवार, विवेक अवस्थी,इंदिरा पाठक तिवारी, रिजवान अली कोटि, पार्षद गुड्डू नबी, सत्यम चौकसे,विकास पटेल, अमित सिंह, पूर्व पार्षद बलविंदर मान, पूर्व पार्षद कमलेश यादव, रीना विश्वकर्मा, मोनिका सिंह, पूजा अहिरवार,पूनम गोरी, गौरी सेन, रीता राठौर, सावित्री कश्यप,मनोज नामदेव,राजा पांडे,महेश तिवारी, अजय चांनना, विषणु विनोदिया,रजजू सराफ,विनय नेमा, महेश मिश्रा, राकेश चक्रवर्ती, उमेश पटेल,मदन जयसवाल, चमन पासी, खुर्शीद अंसारी,कमला चौहान, कमलेश अग्रवाल, मनोज लोधी,मनोज बैरागी, अमर सिंह ठाकुर, अनिल गुप्ता,अतुल डोंगरे,जुनैद भाई राजेश चौबे, पप्पू कछवाहा, कमल चौधरी,सुशील जसेले, गन्नू चौहान,हरी नारायण महोबिया,संजय तिवारी।

## एडीआरएम ने कर्मियों को दिलाई एकता एवं अखंडता की शपथ



**जबलपुर यश भारत।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर में आज राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने रेलवे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिलाई लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित एकता दिवस के तहत मंडल कार्यालय में शपथ ग्रहण के अवसर पर बड़ी संख्या में मंडल के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे श्री गुप्ता ने इस मौके पर सभी रेलवे स्टाफ को सत्य निष्ठा तथा कर्तव्यनिष्ठ रहकर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के लिए हमेशा कार्य करने की शपथ दिलाई इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव सहित मंडल के शाखा अधिकारी विराट गुप्ता विश्वरंजन जेपी सिंह संजय मलेरिया मनीष पटेल सुनील श्रीवास्तव देवेश सोनी सहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कर्मचारी शामिल हुए।

## जबलपुर में पार्सल बुकिंग पर रोक

**जबलपुर यश भारत।** दीपावली एवं छठ पूजा के दौरान स्टेशन पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन ने दिल्ली, अवंतिका बिहार तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाने वाले सभी प्रकार के पार्सल की बुकिंग पर रोक लगा दी है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि आगामी 3 नवंबर से 9 नवंबर तक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में रेल यात्रियों की संख्या बढ़ने एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने पार्सल एवं लगेज आदि की राष्ट्रीय राजधानी के लिए बुकिंग पर रोक लगा दी है। जिसके तहत उक्त तिथि में जबलपुर से चलने वाली गाड़ियों में भी पार्सल एवं लगेज की बुकिंग प्रतिबंधित रहेगी।




## ई-श्रम पोर्टल पर दो सौ श्रमिकों ने कराया पंजीयन



**जबलपुर यशभारत।** पिछले कोरोना काल का कड़वा अनुभव है कि असंगठित मजदूर चाहे खेतिहर मजदूर हों या शहर में मजदूरी करने वाले उन्हें सरकार की ओर से पर्याप्त सुविधा इस लिए नहीं मिल पाई कि उसकी जानकारी सरकार के पास नहीं थी।इसलिए सरकार ने ई-श्रम पोर्टल स्थापित किया है।ताकि असंगठित क्षेत्र के मजदूर अपना पंजीयन करायें जिससे सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सके।उक्त जानकारी जीसीएफ के श्रम कल्याण आयुक्त एम के दीक्षित ने कैमोर स्थित ए सी सी सीमेंट फैक्टरी में जागरूकता अभियान के तहत दी। इस मौके पर जबलपुर प्रवास पर आये उप मुख्य श्रमायुक्त(केन्द्रीय)विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कामगारों को जानकारी दी कि ई-श्रम में पंजीयन कराते ही नि:शुल्क दो लाख रुपए का बीमा हो जाएगा।साथ ही समय समय पर सरकार की घोषित सभी सुविधाओं का लाभ देश भर में कहीं भी प्राप्त कर सकते हैं।इसके लिए महाअभियान चलाया जा रहा है जिसमें मध्यप्रदेश अव्वल है।उन्होंने आव्हान किया कि न केवल कारखानों अपितु गांव के खेतिहर मजदूर से शहर के मजदूर इससे लाभन्वित होंगे।उन्होंने अधिक से अधिक कामगारों को जोड़ने की अपील की। इस मौके पर कॉंन के प्रेसिडेंट के आर रेड्डी ने कहा कि गांव गांव हाट बाजार में मुनादी कराकर10हजार मजदूरों को जो ?ा जाएगा।इस कार्यक्रम में करीब दो हजार मजदूरों को जानकारी दी गई।जानकारी मिलने के बाद कामगारों में पंजीयन कराने की होड़ लगी रही। पहले ही दिन दो सौ मजदूरों ने अपना ई-श्रम पंजीयन प्रमाण पत्र हासिल किया।

### गांव गांव में खेतिहर मजदूर सहित10 हजार का लक्ष्य

## पमरे के तीनों मंडलों में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस



जबलपुर में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन

**जबलपुर।** भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं देश को एकता के सूत्र में बांधने वाले सरदारबल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। गौरतलब है कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर 31 अक्टूबर 2021 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय सहित तीनों मंडलों पर मनाया गया। इसी श्रृंखला में पमरे द्वारा रन फॉर यूनिटी के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के कोटा मण्डल पर स्थित सोगरिया स्टेशन में पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित मण्डल रेल प्रबंधक एवं सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाप्रबंधक ने रन फॉर यूनिटी के तहत आयोजित मोटर साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसी प्रकार पमरे के अधिकारी क्लब जबलपुर में प्रमुख मुख्य यांत्रिकी अभियंता आर.एस. सक्सेना द्वारा उपस्थित प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ काम करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य यांत्रिकी अभियंता के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी के तहत वॉकाथन, साइकल एवं मोटरसाइकल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पमरे के अधिकारी क्लब से च्रन फॉर यूनिटीज्ञ रैली विभिन्न स्थानों से होते हुये वापस क्लब में समाप्त हुई।

## दीवाली के पूर्व वेतन भुगतान की कलेक्टर से लगाई गुहार

**जबलपुर।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया की जिले के समस्त विभागों शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस कृषि, राजस्व, वनविभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण यांत्रकीय सेवा, आबकारी, पी.डब्ल्यू.डी, समस्त निगम, मण्डल, आदि विभागों में कार्यरत नियमित कार्यभारित, आकस्मिक निधि, संविदा, अतिथि शिक्षक आदि समी लोक सेवकों के भारत वर्ष का सबसे बड़े एवं महत्वपूर्ण त्यौहार धनतेरस/ दीपावली के पूर्व वेतन सुनिश्चित हो, ताकि कोरोनाकाल के दो वर्ष बाद सामान स्थिति होने पर कर्मचारी एवं उनका परिवार दीपावली परम्परागत तरीके तथा धूम-धाम से मना सके।संघ के योगेन्द्र दुबे, अर्वेन्द्र राजपूत, अवधेश तिवारी, मुकेश सिंह, मंसूर बेग, आलोक अग्निहोत्री, दुर्गेश पाण्डे, बृजेश मिश्रा, एस.पी.वाथरे, वीरेन्द्र चन्देल, मनोज सिंह, मनीष लोहिया, मनीष शुक्ला, श्यामनारायण तिवारी, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, मनोज सेन, प्रणव साहू, सुदेश पाण्डे, नितिन शर्मा, धीरेन्द्र सोनी, मो0तारिख, आदि ने कलेक्टर जबलपुर से मांग की है कि जिले के समस्त विभागों, निगम मण्डलों आदि के समस्त कर्मचारियों, का धनतेरस/दीपावली के पूर्व वेतन भुगतान सुनिश्चित कराया जाये।

### वैदिक ज्योतिष समाधान

[illegible]

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर

मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,

समयः 9 AM से 10 PM

## छत्रपति शिवजी महाराज टर्मिनस-भागलपुर के मध्य साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

जबलपुर यश भारत। रेल प्रशासन द्वारा दिवाली एवं छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01245/01246 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-भागलपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के मध्य तीन-तीन ट्रिप साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों से होकरपर गन्तव्य को जाएगी* इस गाड़ी की विस्तृत जानकारी निम्न है। यह गाड़ी पमरे के इटारसी, जबलपुर, कटनी एवं सतना स्टेशनों होकर गन्तव्य को जाएगी।

### जबलपुर कटनी से गुजरेगी साप्ताहिक फेस्टीवल स्पेशल ट्रेन

रेल प्रशासन द्वारा दिवाली एवं छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01243/01244 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य तीन-तीन ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

गाड़ी संख्या 01243 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक 01.11.2021 से 15.11.2021 तक प्रति सोमवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 15:50 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 06:10 बजे, जबलपुर 09:30 बजे, कटनी 11:05 बजे, सतना 12:50 बजे और तीसरे दिन सुबह 03:00 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुँचेगी।

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 01244 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन दिनांक 03.11.2021 से 17.11.2021 तक प्रति बुधवार को समस्तीपुर स्टेशन से 07.25 बजे प्रस्थान कर सतना 21:45 बजे, कटनी 23:00 बजे अगले दिन जबलपुर 01:35 बजे, इटारसी 6:00 बजे और 18:15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।



### वैश्य महासम्मेलन की बैठक

**जबलपुर यशभारत।** गोपाल बाग स्थित गोपाल सदन में आज प्रात: 10:30 बजे से वैश्य महासम्मेलन के समस्त घटकों के अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता व भाजपा नेता कमलेश अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

## रोडनुमा ट्रैक पर बच्चे अभ्यास करने मजबूर

**जबलपुर।** जबलपुर में एकमात्र राइट टाउन स्टेडियम का ट्रैक जो एथलीटों के अभ्यास के लिए है वह भी इस समय रोड के समान कड़ा पत्थर के समान हो गया है जिसमें सीनियर, जूनियर, एथलीटों के अलावा नन्हे मुन्ने बच्चे भी अभ्यास करने मजबूर हैं जिस वजह से बच्चे चोटिल हो रहे हैं। परंतु नगर निगम के द्वारा ना तो पानी सींचा जा रहा है ना ही मिट्टी और राखड़ डालकर ट्रैक की किसी प्रकार से मरम्मत की जा रही है, जिससे सिर्फ एथलीटों का ही नुकसान हो रहा है और वे चोटिल हो रहे हैं संघ ने आगे बताया कि इस समय स्टेडियम में धूल का अंबार रहता है खिलाड़ियों के साथ ही वाकिंग करने वाले बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है, ना तो नगर निगम इस ओर ध्यान दे रहा ना ही किसी भी एसोसिएशन की तरफ से कोई मांग की जा रही है। जबकि विभिन्न खेलों के कोचों द्वारा यहां पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। परंतु इस और कोई भी एसोसिएशन ध्यान नहीं दे रहा यही वजह है कि जबलपुर के मेन स्टेडियम में आज तक सिंथेटिक ट्रैक नहीं बन पाया और ना ही स्टेडियम में खिलाड़ियों को किसी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मिल सकी यही वजह है कि खिलाड़ियों में रोष व्याप्त है। जागरूक खेल संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ,राजेश जैन, मीनू कांत शर्मा, सुनील यादव राजकुमार यादव, राकेश श्रीवास, ओमकार दुबे, लॉरेंस मार्टिन ,राजेंद्र सिंह, जियाउरहीम ,स्टैंनली नॉरबट, मुन्नालाल, मुनीर खान ,कुलदीप सिंह ,तेजभान सिंह, शाहरुख जाफरी, मनोज परते , दिनेश गौड़, विनोद सिंह, अजय मिश्रा, गिरीश कांत मिश्रा ,आसाराम झारिया ,मोहम्मद शकील, एल्विस केन,कादिर अहमद आदि ने नगर निगम कमिश्नर से मांग की है कि राइट टाउन स्टेडियम के ट्रैक का मरम्मत कार्य कराया जाए एवं सिंचाई व्यवस्था की जाए।

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्र./अ- 6/2021-22

जबलपुर, दिनांक 16/10/21


**//आम इश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. आजाद 2.आदेश यादव पिता स्व. गया प्रसाद निवासी 927 लटकारी का पड़ाव जबलपुर के द्वारा मौजा नजूल/ब्लॉक नंबर 58 प्लॉट नंबर 11 वर्गफुट भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता/वसीयतकर्ता गया प्रसाद यादव से पंजीकृत/वसीयत दिनांक 10/7/2015 के अधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 11/11/2021 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक**- 26/10/2021

**पेशी दिनांक**- 11/11/2021

**नायब तहसीलदार**
**खम्हरिया वृत्त जबलपुर**



## संपादकीय

# प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने से चीन बेचैन

बुधवार को अब्दुल कलाम द्वीप से पांच हजार किलोमीटर तक मार कर सकने वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का सफल परीक्षण देश को विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता उपलब्ध कराता है। इस मिसाइल का परीक्षण वक्त की जरूरत थी, अब चीन का हर कोना-कोना ही नहीं, अंतर-महाद्वीपीय लक्ष्य भी भारत की जद में आ जायेंगे। पांच हजार किलोमीटर तक सटीक निशाने लगाने में सक्षम इस मिसाइल का परीक्षण नाइट ऑपरेशन मोड में किया गया। ये नियंत्रित दिशा व गति के तय मानकों पर निर्धारित समय में लक्ष्य को भेदने में सफल रही। यह मिसाइल अब सेना द्वारा उपयोग के लिये तैयार है। अंतर्राष्ट्रीय जगत में भारत की इस कामयाबी को गंभीरता से लिया जा रहा है। लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने में सक्षम अग्नि-5 मिसाइल की रेंज में संपूर्ण चीन, अफ्रीका व यूरोप के कुछ भाग आयेंगे। मिसाइल पंद्रह सौ किलो के परंपरागत व परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम हैं। यह भारत की सबसे शक्तिशाली मिसाइल है और चीन की चुनौती के मुकाबले के मकसद से ही तैयार की गई है। इसे काफी कम समय में आसानी से लॉन्च किया जा सकता है। यह प्रत्येक मौसम और परिस्थितियों में लक्ष्य भेदने में सक्षम है। साथ ही इसे सड़क व रेल दोनों से लक्ष्य पर साधा जा सकता है। इसका यह परीक्षण पिछले कई परीक्षणों की अंतिम कड़ी है। अब तक भारत के पास सबसे अधिक दूरी तक मार करने वाली अग्नि-4 मिसाइल थी, जो साढ़े तीन हजार किलोमीटर की रेंज वाली थी। दरअसल, यह मिसाइल पाकिस्तान जैसे नजदीकी ठिकानों को साधने में सक्षम थी। रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मिसाइल चीन को पूरी रेंज में लेने के मकसद से तैयार की गई है। जैसा कि भारत की नीति रही है, उसके अनुरूप इस परीक्षण का लक्ष्य भरोसेमंद न्यूनतम प्रतिरोधक क्षमता हासिल करना ही है। भारत सदैव कहता रहा है कि हमारा परमाणु व मिसाइल कार्यक्रम रक्षात्मक है, आक्रमण के लिये नहीं। चीनी मीडिया में जिस तरह की नकारात्मक प्रतिक्रिया आई है, उससे चीन की बौखलाहट का ही पता चलता है। अग्नि-5 के परीक्षण की खबरों पर चीन ने दुहाई दी थी कि शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाये रखना सभी के हित में है। बहरहाल, इस सफल परीक्षण से भारतीय सेना का मनोबल बढ़ेगा, जो इस चुनौतीपूर्ण समय में जरूरी भी था। भारत विरोधियों को यह अहसास कराना जरूरी था कि भारत को किसी तरह हल्के में न लें। जाहिरा तौर पर भारत ने सीमाओं पर बढ़ती चुनौती के मद्देनजर ही इस मिसाइल के परीक्षण का फैसला लिया है। भारत की यह प्रतिरोध क्षमता उस समय पुख्ता हो जायेगी जब रूस से अभेद सुरक्षा चक्र उपलब्ध कराने वाली एस-400 मिसाइलें भारत को हासिल हो जायेंगी। अगस्त में चीन द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइल के परीक्षण के बाद अमेरिका व यूरोप बेहद चिंतित हैं। भारत को इस उन्नत तकनीक को हासिल करने के लिये युद्ध स्तर पर काम करना चाहिए।

**मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर विशेष**

# स्व-सहायता समूहों की मजबूत बुनियाद पर आत्म-निर्भरता की ओर अग्रसर ग्रामीण महिलाएँ




मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा वर्ष 2012 से प्रदेश में ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण के लिये स्व-सहायता समूह बनाकर उनके संस्थागत विकास तथा आजीविका के संवहनीय अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मिशन द्वारा प्रदेश में अब-तक 45 हजार 135 ग्रामों में 3 लाख 36 हजार 521 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों से 38 लाख 31 हजार परिवारों को जोड़ा जा चुका है।

### वित्तीय सहयोग

समूहों को मिशन द्वारा चक्रीय निधि, सामुदायिक निवेश निधि, आपदा कोष तथा बैंक लिंकेज के रूप में वित्तीय सहयोग किया जा रहा है। इस राशि से उनकी छोटी-बड़ी आर्थिक आवश्य कताओं की पूर्ति हो जाती है, जिससे वे साहूकारों के कर्जजाल से बच जाते हैं। प्रदेश में समूहों को विभिन्नत आजीविका गतिविधियों के संचालन के लिये बैंक ऋण वितरण का लक्ष्यल विगत दो वर्षों में कई गुना बढ़ाते हुए इस वर्ष में 2550 करोड़ रूपये किया गया है। समूहों को सस्ती ब्याज दरों पर पूँजी उपलब्धी कराने के साथ अलग से ब्याकज अनुदान भी दिया जा रहा है।

### व्यवसाय के विभिन्न क्षेत्रों में अवसर

राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यो का दायरा बढ़ाते हुए पोषण आहार संयत्रों के संचालन का बहुत बड़ा काम भी समूहों को देकर वृहद कारोबारों को संचालित करने का अनुभव समूहों की महिलाओं को दिया है। नित नये क्षेत्रों जैसे दीदी कैफे संचालन, उचित मूल्य की शासकीय दुकानों का संचालन, स्कूतल गणवेश सिलाई, फसल क्रय के लिये उपार्जन केन्द्रों का संचालन, गौशाला संचालन, चारागाह विकास, अस्पशतालों में ऑक्सीकजन प्लांजट संचालन, ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं का संचालन, विद्युत बिल वितरण कार्य, सड़कों का संधारण, लघु वनोपज संग्रहण, शासकीय निर्माण कार्यों में लगने वाली ईंट आदि सामग्री के निर्माण एवं सप्लासई में प्राथमिकता देते हुये स्व-सहायता समूहों को हर स्तनर पर सहयोग किया जा रहा है। समूहों की सदस्य महिलाओं द्वारा रूचि अनुसार परंपरागत आय के साधन कृषि-पशुपालन के साथ अतिरिक्त आय अर्जित करने के लिये सिलाई, दुकान, साबुन, अगरबत्ती निर्माण आदि सहित 103 प्रकार की लघु उद्यम गतिविधियाँ की जा रही हैं।

### उत्पाधदों के क्रय-विक्रय में सहयोग

समूहों के उत्पोदों को बेचने के लिये आजीविका रूरल मार्ट जिला स्तरर पर नाबार्ड के सहयोग से स्थाोपित किये गये हैं। आजीविका मार्ट पोर्टल के माध्य म से भी उत्पानदों के क्रय-विक्रय में सहयोग किया जा रहा है। समूहों के उपयोग के लिये ब्लॉ क स्तलर पर आजीविका भवन निर्माण किया गया है। समूहों की बैठकों तथा आजीविका गतिविधि केन्द्रल और प्रशिक्षण केन्द्र बनाने के लिये बड़ी संख्या में शासकीय भवन समूहों को आवंटित किये गये हैं।

### निरंतर प्रशिक्षण

मिशन द्वारा दिये जा रहे लगातार प्रशिक्षण, वित्तीय साक्षरता, वित्तीय सहयोग एवं मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि समूह सदस्यों के अन्दर गरीबी से उबरने की दढ़ इच्छा-शक्ति उत्पन्न हुई। आज प्रदेश में समूहों से जुड़े 13 लाख 37 हजार से अधिक परिवार कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका गतिविधियों से जुड़े और 5 लाख 5 हजार से अधिक परिवार गैर कृषि आधारित लघु उद्यम आजीविका गतिविधियों से जुड़कर काम कर रहे हैं।

### महिलाओं को मिल रही है नई पहचान

पहले ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन परिवारों में महिलाओं को आय मूलक गतिविधियाँ करने के अवसर नहीं मिलते थे, उनका जीवन केवल चूल्हे-चौके और घर की चार दीवारी तक ही सीमित रह जाता था। घर के संचालन, आय-व्यय, क्रय-विक्रय आदि सहित अन्य मुद्दों पर निर्णय में पुरूषों का एकाधिकार था। मिशन के समूहों से जुड़कर महिलाओं को जो अवसर मिला, उससे उन्होंने अपनी काबिलियत सिद्ध कर अपनी अलग पहचान बनाई। गैर आय मूलक नगण्य घरेलू कामों के अलावा अब समूह सदस्य महिलाएँ अपने परिवार के साथ गाँव एवं सामुदायिक विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय देती हैं। उनमें आई जागरूकता से न केवल घर में बल्कि गाँव और क्षेत्र में भी उनके सम्मान में बढ़ोतरी हुई है। समूहों, ग्राम संगठनों, संकुल स्तरीय संघों की नियमित बैठकों में भागीदारी से उनकी समझ और सक्रियता बढ़ गई है। समूहों में सिखाये गये 13 सूत्र ने उन्हें मूल-मंत्र दे दिया है, जिससे वे निरंतर आगे बढ़ती जा रही हैं। समूहों की बैठक में नियमित बचत लेन-देन, ऋण वापसी तथा दस्तावेजीकरण, बैंकों में आने-जाने से उनके अंदर वित्तीय साक्षरता, व्यवसायिक प्रबंधन की क्षमता भी विकसित हो गई है।

### सामुदायिक विकास

सामुदायिक विकास के क्षेत्र में भी महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पहले की तुलना में ग्राम सभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना, पात्रता अनुसार स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा आदि के व्यक्तिगत एवं सामुदायिक मुद्दों पर भी जबरदस्त सकारात्मक परिवर्तन देखा जा सकता है। घर-घर में पोषण वाटिका लगाकर अपना, अपने परिवार का तथा अपने गाँव में कुपोषण दूर करने के प्रयास देखे जा सकते हैं।

### नगद रहित व्यवहार

समूह सदस्यों के अन्य व्यवहार परिवर्तनों में एक अन्य महत्वपूर्ण परिवर्तन है नगद रहित व्यवहार। समूहों का समस्त लेन-देन चेक के माध्यम से ही होता है या फिर बैंक सखियों द्वारा ई-ट्रांजेक्शोन भी कराया जाता है। इससे आर्थिक धोखाधड़ी की संभावनाएँ कम हो गई हैं।

### राजनैतिक पदों पर समूह सदस्य

समूहों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलने से जो नई पहचान मिली उसकी वजह से विभिन्न राजनैतिक पदों पर भी महिलाएँ निर्वाचित हुई हैं। वें पंच-सरपंच से लेकर जनपद, जिला पंचायत सदस्य जैसे पदों तक भी पहुँची हैं। इसके अलावा विभिन्न समितियों में भी महत्वपूर्ण पद मिले हैं। शर्मीले स्वभाव की ग्रामीण महिला आज अपनी यह पहचान बदलकर बड़ी-बड़ी सभाओं में मंच से लाखों की भीड़ के सामने निर्भीक होकर अपने विचार व्यक्त करती हैं।

### अन्य प्रदेशों में जाकर प्रशिक्षण दिया

मिशन द्वारा लगभग 6 हजार महिलाओं को कम लागत कृषि एवं जैविक खेती पर प्रशिक्षित किया गया है। इन्होंने मास्टर कृषि सी.आर.पी. के रूप में न केवल अपने घर, गाँव जिला और प्रदेश बल्कि अन्य राज्यों जैसे- हरियाणा, उत्तरप्रदेश और पंजाब में भी प्रशिक्षण देकर अपनी अलग पहचान बनाई है।

### आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से महिलाओं का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण हो रहा है। प्रदेश में 2 लाख से अधिक महिलाएँ ऐसी हैं, जो न्यूनतम 10 हजार रुपये मासिक आय अर्जित कर रही हैं। स्व-सहायता समूहों से जुड़े कई ऐसे परिवार भी हैं, जिनकी मासिक आय 50 हजार रुपये तक हो गई है। लाखों की संख्या में महिलाओं ने पुराने जीर्ण-शीर्ण घरों की जगह अपने पक्के मकान, दुकान आदि बनवा लिये, कृषि भूमि खरीदी हैं तथा साहूकारों के कर्ज जाल से मुक्ति पाकर नये जीवन की शुरूआत की है। बदलाव की नजीर देखें तो अकेले अलीराजपुर जिले के उद्यगढ़ क्षेत्र में 19 गाँवों के 26 समूहों की 76 महिला सदस्यों ने वर्ष 2019 में 26 लाख से अधिक रूपये से गिरवी रखी 176 एकड़ जमीन साहूकारों के कर्जे से मुक्त कराई। समूह सदस्यों की आय में वृद्धि होने से आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर होने पर उन्होंने स्वयं की अधूरी पढ़ाई फिर से शुरू कर व्यावसायिक कोर्स जैसे बी.एस.डब्ल्यू. एम.एस.डब्ल्यू. भी किया है। साथ ही बच्चों को अच्छे स्कूल में पढ़ा रही हैं और दो पहिया, चार पहिया वाहन, कृषि यंत्र आदि भी खरीदे हैं। अब महिलाएँ स्वयं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण करने के साथ अपने क्षेत्र में बाल विवाह रोकना, घरेलू हिंसा के विरूद्ध आवाज उठाना, नशा मुक्त कराना, सामुदायिक विकास के कार्यो की निगरानी, गाँव के बेरोजगार युवक-युवतियों को रूचि अनुसार रोजगार, स्व-रोजगार प्रशिक्षण दिलाने जैसे काम विभिन्न उप-समितियों के माध्यम से कर रही हैं। महिलाओं ने स्व-सहायता समूहों में मिले अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए अपनी क्षमता के अनुसार काम करके प्रतिभा प्रदर्शन से मिली अलग पहचान की बदौलत ही ग्रामीण क्षेत्र में परिवारिक एवं सामुदायिक सत्ता पर अपना वर्चस्व कायम किया है। कुल मिलाकर ग्रामीण क्षेत्र में घूंघट की ओट में चूल्हे-चौके तक सीमित रहकर गुमनाम जिंदगी जीने वाली महिलाएँ आज अपने परिवार, गाँव और जिले की पहचान तथा शान बन गई हैं।

-पंकज मित्तल

## आपका राशिफल 1 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5577



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 5576**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# बाल झड़ने की समस्या से हैं परेशान तो घर पर बनाएं ये आयुर्वेदिक चूर्ण

प्रदूषण और खाने-पीने की चीजों में पोषण की कमी के कारण बाल झड़ने की समस्या तेजी से बढ़ रही है। बालों को झड़ने से रोकने के लिए आप तरह-तरह की दवाएं, तेल और जेल का प्रयोग करते हैं। अगर इन सभी से इस्तेमाल से भी आपको कोई लाभ नहीं हुआ है, तो एक बार आयुर्वेदिक औषधि भी आजमा कर देखें। आयुर्वेद में कई ऐसी औषधियां हैं, जो बालों की समस्याओं के लिए विशेष तौर पर जानी जाती हैं। ऐसी ही एक औषधि है त्रिफला, जो तीन जड़ी-बूटियों को मिलाकर बनती है। आइए आपको बताते हैं किस तरह ये बालों के झड़ने की समस्या में आपके लिए फायदेमंद है और कैसे करें इसका इस्तेमाल। खास बात ये है कि इसे आप घर पर भी बना सकते हैं।



### घर पर बनाएं त्रिफला चूर्ण

बाल झड़ने की समस्या में त्रिफला चूर्ण बहुत फायदेमंद है। त्रिफला स्वयं कोई औषधि नहीं है, बल्कि ये तीन अलग-अलग औषधियों का मिश्रण है, जिसे आयुर्वेदि में बहुत फायदेमंद माना जाता है। ये चूर्ण बनाने के लिये आपको सूखे हुये बड़ी हरड़, बहेड़ा और आंवला चाहिये। तीनों ही फल स्वच्छ एवं बिना कीड़े लगे होने चाहिये। इनकी गुठली निकाल दें और थो?ा -थो?ा मोटा कूट ले फिर उस के बाद उसे मिक्सी में बारीक पीस लें और छान लें एवं बचे हुये भाग का अलग-अलग चूर्ण बना लें। बारीक छने हुये तीनों प्रकार के चूर्णों को 1 =2 =4 के अनुपात में मिलायें और किसी जार में भरकर रख लें।

### बालों के लिए आयुर्वेदिक नुस्खा

आयुर्वेद में बालों के लिए सबसे फायदेमंद रीठा, शिकाकाई और त्रिफला होते हैं। इन सबके बीज निकालकर मिश्रित पाउडर बना लें। यदि आपके बाल लम्बे हैं तो दो कप पानी में चार चम्मच पाउडर मिलाकर रात को भिगोकर रख दें। सुबह इसे ठीक प्रकार से सर में लगा लें और आधे घंटे बाद पानी से धो लें। इस तरह सप्ताह में तीन दिन इसका प्रयोग करें। यह बालों को गिरने से रोकने में सहायक होता है और रूसी को भी खत्म करता है।इसे भी पढ़ें- पेट के लिए बहुत फायदेमंद है बादाम का तेल, कब्ज और कोलेस्ट्रॉल को करता है दूर।

### कैसे करें इसका सेवन

किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति त्रिफला का सेवन कर सकता है। लेकिन इसके लिये पहले बेड टी की आदत को छोड़ना होगा। पूर्ण लाभ के लिये सुबह उठने के तुरंत बाद कुल्ला करके ताजे पानी के साथ त्रिफला का सेवन करना होता है। इसके बाद कम से कम एक घंटे तक किसी भी चीज का सेवन नहीं करना चाहिए। हां पानी पिया जा सकता है। इसकी मात्रा का निर्धारण उम्र के हिसाब से किया जाता है। जितनी उम्र है उतने रत्ती त्रिफला का दिन में एक बार सेवन करना होता है।

## सूडोकु नवताल- 6140

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6139 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

## विचार प्रवाह



आज मिलावट का जमाना है। खाद्य पदार्थों और औषधियों में ही मिलावट नहीं चल रही है, विचारों और आदर्शों में भी मिलावट का काम जारी है। यहां तक कि हम जो सांस लेते हैं उसमें भी मिलावट है। सांस में ऑक्सीजन कम, कार्बन डाई ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा है। लोक कहते हैं- आज ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते। मैं कहता हूं- ठीक है, अगर ईमानदारी के साथ जी नहीं सकते तो कोई बात नहीं, ईमानदारी के साथ मर तो सकते हैं। ईमानदारी मजबूरी से नहीं, मजबूती से बनें।

मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7157



**बाएँ से दाएँ**

1. अभिप्राय, अभिव्यक्ति-3
3. सादापन, भोलापन-4
6. अवश्य-3
7. कांच का मर्तबान-2
8. पानी से सराबोर-2
10. करधनी, कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
12. उद्धार, उत्कृष्ट-3
15. माला का मोती-3
17. सेवक, रोगी की देखभाल करने वाला-5
20. एक छोटी सवारी गाड़ी-2
22. चलने का ढ़ंग-2
23. गर्भ-3
24. निम्न, निकृष्ट-4
25. कथा, गाथा-3

**ऊपर से नीचे**

2. कमरे में बंद करना-5
3. ईमान, नियत-3
4. क्षारीय-4
5. दीदार-3
7. आशिक, यार-2
9. एक विदेशी मदिरा-2
11. लीन, व्यस्त, मशगूल-3
13. उपस्थित-3
14. चलाने वाला, संचालक-5
15. मतवाला, उन्मादी-4
16. चाचा, अंकल-2
18. पैंतरा, बेग-2
19. काफी, कोको -3
21. गिरवी वस्तु-3

**शब्द पहेली -7132 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

CMYK






# इंदौर से प्रयागराज, जोधपुर और सूरत के लिए हर दिन सीधी उड़ानें शुरू

**इंदौर ।** इंदौर से प्रयागराज, जोधपुर और सूरत के लिए इंडिगो कंपनी ने ×1 अक्टूबर से सीधे उड़ानें शुरू की हैं। ये उड़ाने रोज रहेंगी। रविवार को दोनों तरफ से छह उड़ानें शुरू की गईं। इंदौर से प्रयागराज के लिए दोपहर 2.45 बजे रवाना होने वाली फ्लाइट शाम 4.×5 बजे वहां पहुंचेगी। जबकि प्रयागराज से दोपहर 12.10 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट दोपहर 2.15 बजे इंदौर आएगी।इसी तरह इंदौर से जोधपुर की फ्लाइट दोपहर ×.05 बजे उड़ेगी और शाम 4.×0 बजे पहुंचेगी। दूसरी तरफ जोधपुर से शाम 5 बजे चलने वाली फ्लाइट शाम 6.40 बजे इंदौर आएगी। इंदौर से सूरत उड़ने वाली इंडिगो की फ्लाइट शाम 7 बजे रवाना होगी और रात 8.20 बजे सूरत पहुंचेगी। वहीं सूरत से रात 8.55 बजे उड़ने वाली फ्लाइट रात 10 बजे इंदौर आएगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री 'योतिरादित्य सिंधिया ने वर्चुअल रूप से इनकी शुरुआत की। इंडिगो के चीफ स्ट्रेटेजी एवं राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि हमें तीन अलग-अलग रा'यों से इंदौर के लिए नए मार्गों की शुरुआत करने की खुशी है। इससे क्षेत्रीय स्तर पर सेवाओं का विस्तार होगा। मध्यप्रदेश के सबसे बड़े शहर, इंदौर से उत्तर प्रदेश, राजस्थान और गुजरात के राजनीतिक, पर्यटन एवं व्यवसायिक केंद्रों की सीधी कनेक्टिविटी क्षेत्रीय यात्रा की मांग को पूरा करेगी। इससे व्यापार, पर्यटन और आवागमन को बढ़ावा मिलेगा।

# खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश



**भोपाल।** कृषि क्षेत्र में मध्य प्रदेश नित नए रिकार्ड बनाता जा रहा है। खाद्यान्न् उत्पादन में प्रदेश आत्मनिर्भर बन चुका है। गेहूं के उत्पादन में लगातार वृद्धि के साथ समर्थन मूल्य पर पिछले साल 129 लाख टन से ज्यादा खरीद करके पंजाब को भी पीछे छोड़ दिया है। 37 लाख टन धान का उपार्जन करके प्रदेश 25.87 लाख टन की खरीद का अपना ही रिकार्ड तोड़ चुका है। खाद्यान्न उत्पादन के लिए मध्य प्रदेश को लगातार छह बार कृषि कर्मण पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। रोजगार देने का सबसे बड़ा क्षेत्र होने के साथ अब इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक सशक्त करने का माध्यम भी बनाया जा रहा है। केंद्र सरकार की कृषि अधोसंरचना निधि के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण केंद्रों की स्थापना के साथ छोटे-छोटे उद्योग भी तेजी के साथ स्थापित किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में कृषि विकास दर लंबे समय से दो अंकों में बनी हुई है। कोरोना काल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संभालने और रिकार्ड गेहूं की खरीद करने वाला राज्य मध्य प्रदेश बना। अब तक यह तमगा पंजाब को हासिल था पर किसानों की मेहनत और सरकार की नीतियों की बदौलत मध्य प्रदेश ने नया मुकाम हासिल किया। सोयाबीन में प्रदेश की धाक पहले की तरह जमी हुई है पर अब अन्य उपज के मामले में भी मध्य प्रदेश ने तेजी से प्रगति की है। लगभग 151 लाख हेक्टेयर में खेती की जाती है। प्रदेश की 72 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अधिकांश की निर्भरता कृषि क्षेत्र पर ही है। राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि और उससे जुड़े क्षेत्र हैं। एक करोड़ से ज्यादा किसान हैं और उनमें 27.15 प्रतिशत लघु कृषक हैं। इनके पास भूमि एक से दो हेक्टेयर है। 48.3 प्रतिशत सीमांत कृषक हैं, जिनके पास अधिकतम एक हेक्टेयर भूमि है। सोयाबीन, चना, उड़द, तुअर, मसूर और अलसी के उत्पादन में मध्य प्रदेश पहले स्थान पर है। जबकि, मक्का, तिल, रामतिल और मूंग के उत्पादन में दूसरे और गेहूं, ज्वार और जौ के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। ग्रीष्मकालीन मूंग का उत्पादन भी इस 12 लाख टन से अधिक रहा है, जो अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है। उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। सिर्फ गेहूं की खरीद के विरुद्ध किसानों को 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। साथ ही कृषि में लागत घटाने के लिए सरकार बिजली, खाद, बीज पर अनुदान देने का काम भी कर रही है। सरकार का जोर इस बात पर है कि किसान उद्यमी भी बनें और खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाएं। कस्टम प्रोसेसिंग सेंटर बनाए जाने की भी योजना है ताकि किसान प्रसंस्करण करने के बाद अच्छी कीमत मिलने पर उपज बेचे।

## सिंचाई का क्षेत्र बढ़ने से उत्पादन में वृद्धि

प्रदेश में खाद्यान्न् उत्पादन में वृद्धि का मुख्य कारण सिंचाई का क्षेत्र बढ़ना है। प्रदेश में अब शासकीय और निजी स्रोतों से लगभग 110 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित है। सरकार ने सिंचाई क्षमता में मार्च 2022 तक एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र की वृद्धि करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए नर्मदा नदी से जुड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम किया जा रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए प्रारंभिक सभी तैयारियां हो गई हैं। इससे मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में चार लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता विकसित होगी।

## घर से ही बिकेगी उपज

प्रदेश में अब किसान घर या खलिहान से अपनी उपज मर्जी से व्यापारी को बेच सकते हैं। इसके लिए सरकार ने आनलाइन व्यवस्था प्रारंभ की है। इससे किसान को मंडी में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मंडियों में पंजीकृत व्यापारी किसान के पास जाएंगे और सौदा करेंगे। यदि दोनों के बीच सहमति बनती है तो व्यापारी एप पर जानकारी दर्ज करेगा। किसान के पास एसएमएस पहुंचेगा, जिसके आधार पर यह तय होगा कि आपसी सहमति से सौदा हुआ है। इसी तरह भुगतान के लिए भी एसएमएस आएगा।




# अब डेंगू पर नियंत्रण करने उतरे ऊर्जा मंत्री

## गली मोहल्लों में की फोगिंग और दवा का छिड़काव

**ग्वालियर।** शहर व क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप है और रोजाना डेंगू के मरीज सामने आ रहे हैं। चूंकि डेंगू एडीज मच्छर से फैलता है। इसलिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वयं ही सोमवार को मैदान उतरे। हालांकि उनके साथ नगरनिगम का अमला था। लेकिन प्रद्युम्न सिंह तोमर ने स्वयं ही फोगिंग मशीन उठा ली और क्षेत्र में मशीन से फोगिंग करना शुरू कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने मच्छर मारने की दवा भरने वाली मशीन को खुद की पीठ पर लटकाया और गली मोहल्लों में छिड़काव करना शुरू कर दिया। इस दौरान उनके साथ क्षेत्र के लोग भी मौजूद थे। ऊर्जा मंत्री ने फोगिंग व दवा का छिड़काव वार्ड क्रमांक 16 के न्यू रेशम मिल क्षेत्र में की। यहां पर डेंगू के मरीज अधिक निकल रहा है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वयं ही सोमवार को मैदान उतरे। हालांकि उनके साथ नगरनिगम का अमला था। लेकिन प्रद्युम्न सिंह तोमर ने स्वयं ही फोगिंग मशीन उठा ली और क्षेत्र में मशीन से फोगिंग करना शुरू कर दिया।

# अब बड़े उद्योगों के साथ छोटी इकाइयों की स्थापना पर जोर



**भोपाल ।** प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और रोजगार के अधिक से अधिक अवसर सृजित करने के लिए अब सरकार बड़े उद्योगों के साथ-साथ छोटी इकाइयों की स्थापना पर ज्यादा जोर देने की कार्ययोजना बनाई है। इसके लिए मध्य प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमइ) प्रोत्साहन नीति तैयार की गई है। दरअसल, छोटी इकाइयां अधिक रोजगार उपलब्ध कराती है। इनके माध्यम से अन्य आर्थिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ती हैं। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के तहत अभी तक एक हजार 850 इकाइयों की स्थापना के लिए भूमिपूजन हो चुका है। करीब तीन हजार इकाइयां वर्ष 2023 तक स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। मध्य प्रदेश में शुरुआत से बड़े उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम होता रहा है। इनसे सरकार को अच्छा राजस्व तो मिलता है पर रोजगार के उतने अवसर सृजित नहीं हो पाते हैं, जितने की प्रदेश को दरकार है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा भी छोटे-छोटे उद्योग की स्थापना करके आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की है। इसे प्रदेश में अमलीजामा पहनाने की दिशा में तेजी के साथ काम हो रहा है। छोटे उद्यम न सिर्फ स्वरोजगार का बड़ा जरिया हैं बल्कि बड़े स्तर पर रोजगार भी उपलब्ध कराते हैं। यही वजह है कि प्रदेश में एमएसएमइ को बढ़ावा देने के लिए निवेश पर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। अब तक केंद्र सरकार ने एमएसएमइ का दायरा भी बढ़ा दिया है। सरकार भी नए-नए क्षेत्रों में संभावनाएं तलाश रही है। इसमें रक्षा उत्पादन अनुसंधान संस्थान (डीआरडीओ) भी मदद करने के लिए तैयार है। पिछले दिनों ही रक्षा क्षेत्र में एमएसएमइ के लिए उद्यमिता के अवसर पर कार्यशाला आयोजित की गई थी।इसमें डीआरडीओ के सचिव डा.जी सतीश रेड्डी ने कहा था कि मध्य प्रदेश में उद्योग क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। अब वे प्रधानमंत्री से कह सकते हैं कि देश रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है और मध्य प्रदेश का इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। नई संभावनाओं को तलाशने के लिए भारतीय उद्यमिता संस्थान, अहमदाबाद मध्य प्रदेश में अध्ययन भी करेगा।

## फर्नीचर के बाजार पर नजर

मध्य प्रदेश की नजर देश में तेजी के साथ बढ़ रहे फर्नीचर के बाजार पर है। इंवेस्ट इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय फर्नीचर बाजार में काफी वृद्धि की संभावना है। वर्ष 2021 में फर्नीचर एवं संबंधित उपकरण निर्माण का कारोबार 33 हजार 500 करोड़ रुपये का आकलन किया गया है। देश अभी फर्नीचर उत्पादन में विश्व में चौथे स्थान पर है। मध्य प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, प्राकृतिक संसाधन की बहुलता, कौशल मानव संसाधन की वजह से यह फर्नीचर निर्माण का प्रमुख केंद्र बन सकता है। इससे दस हजार से ज्यादा व्यक्तियों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा। इसके मद्देनजर सरकार ने इंदौर में फर्नीचर क्लस्टर इंदौर की बेटमा खुर्द में 190 हेक्टेयर भूमि तीन चरणों में देने का निर्णय लिया गया है।

## रोजगार पर ध्यान

आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के लिए तैयार किए गए रोडमैप 2023 में सर्वाधिक जोर रोजगार के अवसर बढ़ाने पर दिया गया है। इसके लिए सरकारी नौकरियों पर निर्भरता खत्म करने और स्व-रोजगार पर बढ़ावा देने की कार्ययोजना तैयार की गई है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास नीति में रोजगार सृजन अनुदान का प्रविधान इसी मकसद से किया गया है। इकाइयों में उत्पादन प्रारंभ होने के दिन से नवीन कर्मचारियों को पांच हजार हजार रुपये की प्रतिमाह सहायता की पात्रता होगी। यह सुविधा पांच साल तक दी जाएगी। इसके लिए नियोक्ता को एक वर्ष में मध्य प्रदेश के मूल निवासियों को कुल रोजगार में से 50 प्रतिशत, तीन साल के अंदर 75 प्रतिशत और पांच साल के भीतर 90 प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराना होगा।

# मुख्यमंत्री ने राग भोपाली स्व सहायता समूह की दीदियों के उत्पाद प्लेटफार्म का उद्घाटन किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार सुबह 10 बजे राजधानी के 10 न. मार्केट में राग भोपाली स्व सहायता समूह की दीदियों के उत्पाद प्लेटफार्म का उद्घाटन किया। उन्होंने राग भोपाली प्रदर्शनी में जरदोजी वर्क करने के करने का तरीका देखा। मुख्यमंत्री को शिखा मीणा और ज्योति रात्रे ने जरदोजी वर्क के बारे में सिखाया

# बरखेड़ा-बुधनी के बीच चौथी रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड में अटका



**भोपाल ।** नई दिल्ली-चेन्नई रेल मार्ग पर भोपाल से इटारसी के बीच बरखेड़ा-बुधनी रेल खंड में चौथी रेल लाइन बनाने के प्रस्ताव को रेलवे ने मंजूरी नहीं दी है। अभी इस रेलखंड में तीसरी रेल लाइन बिछाने का काम चल रहा है। यह दुर्गम पहाड़ी व घने वन क्षेत्र वाला रेलखंड है। जिस पर रेलवे को पांच साल के इंतजार के बाद तीसरी रेल लाइन बिछाने की अनुमति मिली थी। जिसमें मप्र वन्यप्राणी विभाग ने कई तरह की शर्ते लगाई हैं। इसी रेल खंड में चौथी रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था जिसे सहमति नहीं दी है। बता दें कि भविष्य में जिस तरह से नई दिल्ली-चेन्नई रेलमार्ग पर यात्री और गुड्स ट्रेनों का दबाव है जिसके चलते ही बीना से इटारसी तक तीसरी रेल लाइन बिछाई गई है। भविष्य की इस जरूरत और जंगल वाले रेलखंड में रेल लाइन बिछाने की अनुमति लेने के लिए लगने वाले समय व शर्तों को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के अधिकारियों ने रेलखंड में तीसरे रेल लाइन बिछाने के साथ ही चौथी रेल लाइन की अनुमति मांगी थी जो रेलवे बोर्ड नहीं नहीं दी है। नए सिरे से रेल लाइन को मंजूरी मिलने और फिर निर्माण के लिए मप्र वाइल्ड लाइफ बोर्ड से अनुमति लेने में वर्षों लगेंगे। चौथी रेल लाइन को बोर्ड से अनुमति नहीं मिलने की पुष्टि रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने की है।

## पहले से है दबाव, आगे और बढ़ेगा

उक्त रेल मार्ग पर पहले से गुड्स और यात्री ट्रेनों का दबाव करीब 150 गुना अधिक था जिसे देखते हुए तीसरी रेल लाइन बिछा दी थी। फिर भी दबाव बना हुआ है। हालांकि तुरंत चौथी लाइन की जरूरत नहीं पड़ रही है लेकिन अगले 5 से 10 साल में जरूरत पड़ना तय है। तब बरखेड़ा—बुधनी रेलखंड में लाइन बिछाने की अनुमति लेने की शुरूआत की तो काफी वक्त लगेगा।

## बाघ मूवमेंट इलाका होने के कारण वाइल्ड लाइफ से अनुमति लेना कठिन

बरखेड़ा-बुधनी रेलवे ट्रैक रातापानी वन्यजीव अभयारण्य का हिस्सा है जहां बाघ, तेंदुए समेत सभी प्रकार के वन्यप्राणियों का मूवमेंट रहता है। बीते वर्षों में 12 से अधिक बाघ, तेंदुए, भालू, नीलगाय समेत दूसरे वन्यप्राणियों की ट्रेन के सामने आने से मौतें हो चुकी हैं। ऐसे क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर सख्ती से प्रतिबंध रहता है। ऐसे इलाकों में किसी भी तरह की अनुमति वाइल्ड लाइफ बोर्ड द्वारा दी जाती है जो आसानी से नहीं मिलती है

# आज से तापमान में कुछ इजाफा होने लगेगा, दीपावली से बढ़ेगी ठंड



**भोपाल।** एक पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ के रूप में पाकिस्तान और उसके आसपास बना हुआ है। इस सिस्टम के प्रभाव से सोमवार से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। साथ ही पश्चिमी विक्षोभ के असर से हवाओं का रुख भी बदलने के आसार हैं। जिसके चलते मध्यप्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने लगेगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के दो दिन बाद उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने के आसार हैं। इसके बाद हवा का रुख फिर उत्तरी होने लगेगा। इससे गुरुवार से राजधानी सहित मप्र में न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में गिरावट होने लगेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि वर्तमान में हवाओं का रुख उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना हुआ है। सोमवार से हवाओं का रुख बदलने से रात और दिन के तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने की संभावना है। रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 29.3 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से दो डिग्रीसेल्सियस कम रहा। सोमवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्रीसेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं। मंगलवार को रात के तापमान में भी कुछ इजाफा हो सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से सोमवार से जम्मू-काश्मीर, पंजाब में कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है। उधर हवाओं का रुख बदलने से मध्यप्रदेश में तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने लगेगी। हालांकि दो दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने पर गुरुवार से एक बार फिर उत्तरी हवाएं मध्यप्रदेश में सिहरन पैदा करने लगेंगी। दीपावली से एक बार फिर वातावरण में ठंड बढ़ने लगेगी।

# चूनाभट्टी थाने के नए भवन का गृहमंत्री ने किया उद्घाटन, पीसी शर्मा भी हुए शामिल



**भोपाल ।** गृह मंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा ने सोमवार को चूनाभट्टी थाने के नए भवन का उद्घाटन किया। इस मौके पर विधायक पीसी शर्मा, विधायक रामेश ?वर शर्मा,एडीजी साईं मनोहर, डीआइजी इरशाद वली, एसपी साउथ साईं कृष्णा थोटा, एएसपी रामस्नेही मिश्रा, एएसपी राजेश सिंह भदौरिया समेत पुलिस के कई अधिकारी मौजूद थे। बीते गुरुवार को टीला जमालपुरा थाने का तीन मंजिला नवीन भवन बनकर तैयार हुआ था। इस भवन का भी उद्घाटन किया गया था। और अब चूनाभट्टी थाने को नए भवन की सौगात दी गई। नए भवन में एक थाना प्रभारी कक्ष, एक ड्यूटी ऑफिसर कक्ष, एक एक महिला एवं पुरुष लॉकअप, एक मालखाना, एक रिकार्ड कक्ष, एचसीएम कक्ष, विश्राम कक्ष और टॉयलेट सहित, एक आरमोरी कक्ष, एक सब इंस्पेक्टर कक्ष, एक जांच अधिकारी कक्ष, एक महिला हेल्प डेस्क, एक रिपोर्टिंग कक्ष, विसरा कक्ष, महिला, पुरुष टॉयलेट्स और रिसेप्शन कागज बनाया गया है। एक कॉन्फ्रेंस हॉल, एक सीसीटीएनएस कक्ष एक ऑफिस स्टॉफ कक्ष, एक वायरलेस कक्ष, सर्वर रूम, कैफेटेरिया, पेन्ट्री एवं महिला, पुरुष टॉयलेट भी थाना में एक महिला बैरक, एक पुरुष बैरक, एक जिम, दो ड्रेसिंग लॉबी बनाई गई है।

**Presiding Officer: सुश्री विजया भारती यादव**

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु**

**RCSA/0000285/2021**

**मुरारी काछी (कुशवाहा).... वादी VS रामगोपाल काछी (कुशवाहा).......प्रतिवादी**

**Process id 680/2021, पेशी दिनांक- 07/12/2021 प्रो.क्र. 508/21**

**प्रेषिती,(1) रामगोपाल काछी (कुशवाहा) पिता सुखलाल काछी (कुशवाहा) पता ग्राम बंधी धूरी तह. बहोरीबंद जिला कटनी म.प्र. (2) विकास उपाध्याय पिता रामेश्वर प्रसाद पता- वार्ड नं. 13 खितौला तह. सिहोरा जबलपुर म.प्र.**

यह कि प्रार्थी मुरारी काछी (कुशवाहा) ने आपके विरुद्ध स्वत्व घोषणा बंटवारे के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत कराएं। आज तारीख 28 अक्टूबर 2021 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।**

**न्यायाधीश- विजया भारती यादव, सप्तम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड कटनी (म.प्र.)**

CMYK



# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गौशाला का किया निरीक्षण

**गोटेगांव--** कलेक्टर रोहित सिंह ने गोटेगांव में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण शुक्रवार को किया। उन्होंने ओपीडी, जनरल वार्ड, दवा वितरण केन्द्र, पैथोलॉजी कक्ष, टीकाकरण केन्द्र, नेत्र परीक्षण कक्ष एवं एनआरसी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थायें देंखी। कलेक्टर ने चिकित्सा स्टाफ और मरीज के परिजनों से चर्चा की। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर भोजन एवं दवाईयां मिलने और शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। श्री सिंह ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई कमी नहीं रहना चाहिये।

कलेक्टर ने एनआरसी की व्यवस्थाओं पर अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने एनआरसी के प्रभारी को नोटिस देने के निर्देश दिये। कलेक्टर को स्टाफ की कमी और वजन लेने वाली मशीन खराब होने के बारे में अवगत कराया गया। कलेक्टर ने नेत्र परीक्षण कराने वाले मरीजों और टीकाकरण की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण प्रारंभ होने, समाप्त होने, उपलब्ध डोज के उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वैक्सीन के वॉयल के सभी डोज का उपयोग सुनिश्चित होना चाहिये। एक भी डोज बगैर उपयोग के नहीं रहना चाहिये।

कलेक्टर ने 10 बिस्तर वाले पोषण पुनर्वास केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों के परिजनों से चर्चा की। भोजन मिलने के बारे में पूछा। उन्होंने निर्देश दिये कि दीवारों पर पेंटिंग कराई जावे। एनआरसी में पुताई करायें और टीव्ही की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि बच्चों के वजन ब?ने की लगातार मॉनीटरिंग करें। उन्होंने सीएमओ को स्वास्थ्य केन्द्र में एवं नगर में अवैध होर्डिंग हटवाने, साफ- सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बगासपुर एवं श्रीनगर में कलेक्टर द्वारा गौशाला का निरीक्षण

कलेक्टर श्री रोहित सिंह ने गोटेगांव तहसील के अंतर्गत बगासपुर एवं श्रीनगर में गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थायें देखी और आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने गौशालाओं में निरीक्षण करने के निर्देश पशु चिकित्सक के लिए दिये। श्री सिंह ने मवेशियों की टैगिंग कराने की हिदायत भी दी। उन्होंने गौशालाओं एवं ग्राम पंचायतों में विजिट पंजी रखने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि गौशालाओं में दाना, पानी, चारा- भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहना चाहिये।

बगासपुर

कलेक्टर ने बगासपुर में गौशाला के निरीक्षण के दौरान मवेशियों, चारा- पानी आदि की जानकारी ली। कलेक्टर को बताया गया कि गौशाला का संचालन एवं देखरेख ग्राम पंचायत द्वारा की जाती है। यहां अभी चारागाह नहीं बना है। कलेक्टर ने एसडीएम को चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिये। यहां मौजूद कृषकों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर कृषक भूसा एवं चारे की उपलब्धता गौशालाओं में करवायें। साथ ही गौशाला में फेंसिंग कराने के लिए भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मवेशियों की खुराक के लिए ज्वार का उपयोग भी किया जा सकता है। इसमें भी ज्वार उपजाने वाले कृषक गौशालाओं के लिए चारा उपलब्ध करायें।

# खून के 21 दिये जलाकर पूछा सिहोरा का वनवास कब खत्म होगा

**सिहोरा ।** खून के दिये जलाकर हमने संदेश दिया है सिहोरा के प्रति अपने त्याग ,समर्पण, प्रेम का और जिला सिहोरा के लक्ष्य को पाने के लिए किसी भी हद तक जाने का ।21 वर्षों की लंबी अनदेखी के प्रतीक स्वरूप 21 खून के दिए जलाकर हम सरकार से ये जानना भी चाहते है कि सिहोरा का वनवास कब समाप्त होगा

यह कहना है लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के आह्वान पर अपने शरीर के खून से दिए जलाकर सिहोरा को जिला बनाने की मांग कर रहे युवाओं का। प्रत्येक रविवार को जिला की मांग पर धरना दे रहे सिहोरा वासियों में आज पिछले तीन रविवारीय धरनों की तुलना में ज्यादा उत्साह था।ज्यों ही युवा वर्ग अपने शरीर से खून देने आगे आ रहे थे,संघर्ष और आक्रोश का मिला जुला स्वरूप सामने आ रहा था। खून दिया है जान भी देंगे,जिला सिहोरा अबकी बार के नारे हर तरफ सुनाई दे रहे थे। तथा ने यह भी पुछा है की आखिर सरकार कब तक सिहोरा के साथ भेदभाव करेगी।




## युवाओं ने बढ़चढ़कर दिया खून

आज के कार्यक्रम में नगरवासियों का उत्साह इतना ज्यादा था कि उपस्थित हर व्यक्ति आगे आकर अपना खून देने को तैयार थे। क्योंकि ये सिहोरा की अस्मिता से जुडा मुद्दा है

## 3 जनवरी को विशाल रैली

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के विकास दुबे,सियोल जैन,मानस तिवारी ने घोषणा की कि जिला बनने तक प्रत्येक रविवार को शांतिपूर्ण धरना हेतु समिति संकल्पित है पर यदि सरकार अपने पिछले 21वर्ष के रवैये पर ही अड़ी रहती है तो दिसंबर के बाद 9 जनवरी को एक विशाल रैली सिहोरा में आयोजित की जाएगी और इसके साथ 10 जनवरी से प्रत्येक दिन धरना प्रारंभ किया जाएगा।

## सिलोंडी से पहुँचे समर्थन देने

आज के धरने की व्यापकता का असर देखने मे तब आया जब 40 किमी दूर के ग्राम सिलोंड़ी से लोग सिहोरा जिला की मांग का समर्थन करने पहुँचे।इनमें शंकर लाल राय, गणेश साहू,सतेंद्र राय प्रमुख थे उन्होंने अपने उदबोधन में दावा किया कि सिलोंडी क्षेत्र के 40 गाँव आने वाले समय मे इस आंदोलन के साथ होंगे।

आज के धरने मे सेंकी जैन,शिवम कुररिया, अन्नू गर्ग,जयप्रकाश दुबे, अनंतराम सोनी,शौर्य त्रिपाठी ,विक्रम तिवारी, नरेन्द्र गर्ग, रामनरेश यादव, अजय शुक्ला ,विवेक पाठक, रामजी शुक्ला, प्रबल त्रिपाठी,पवन तिवारी, पुलकित शुक्ला, धीरेंद्र पांडे,निशांत विश्वकर्मा, अनिल जैन, संजय ठाकुर, कृष्ण कुमार कुररिया, अज्जू चौहान, पन्ना लाल झारिया, छत्रपाल सेन,शुभम तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में सिहोरा वासी मौजूद थे।

# नातिया मुशायरा



**जबलपुर।** अदबी संस्था हमसब के बेनर तले गत दिवस एक नातिया मुशायरे का आयोजन किया गया। तालिब शाह चौक में आयोजित इस मुशायरे के आयोजक डॉ.शोएब हसन रहे एवं निजामत जफ्र जबलपुरी ने की। मुशायरे में सबसे पहले लगभग 20 बच्चों ने नात पेश की उसके बाद दूसरे चरण नामी शायरों ने अपने अपने कलाम पेश किये। मुशायरे में सगीर फरोग हमीदी, दानिस जैमनी, असलम माजिद, फ ारूख अशरफ, मन्नान फराज, शकील दिलकश, अकील अहमद अकील, इकबाल रियाजी, इजहार जबलपुरी, राषिद राही,रिजवान हकिमी, षहनवाज महवर ने षिरकत की, आयोजन में कमरूद्दीन,इलियास खान, मुन्ना रैकवार रानू सोनी मंसूर अंसारी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में मेहमान के रूप में फिरोज कमाल साहब, मौलवी रियाज आलम साहब ने अपनी उपास्थिती दर्ज कराई।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**सिहोरा ।** लौह पुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लौह पुरुष की जयंती कुर्मी सेवा संस्थान एवं कुर्मी क्षत्रिय समाज जबलपुर ग्रामीण के तत्वाधान में ग्राम कचनारी एवं पोड़ा में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। पोड़ा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों ने पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला पंचायत अध्यक्ष मनोरमा पटेल की मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के जो सपने थे उन्हें साकार कर एक सुंदर व सुनहरे भारतवर्ष का निर्माण करें। इस अवसर पर एडवोकेट रमेश पटेल ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज अखंड भारत के निर्माता का जन्मदिवस है। कार्यक्रम में राम गोपाल पटेल अनिल पटेल विजय पटेल बच्चों पटेल बृजेश पटेल वीरेंद्र पटेल भारत पटेल चंद्रजीत पटेल छोटे पटेल सुरेंद्र पटेल सोनेलाल पटेल आनंद पटेल गंगा पटेल आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही ब्लॉक कांग्रेस ने बस स्टैंड में किया आयोजन राष्ट नेत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री के रूप में देश की बागडोर संभालते समाज के अंतिम व्यक्ति को देश की तरक्की से जोड़ने की बात कही थी ! चाहे देश से हरित क्रांति को बात हो या बैंकों के राष्ट्रीयकरण कि यह सब श्रीमती गांधी के कार्यों से उनकी सोच के अनुरूप ही सच साबित हो सका है जहां तक हमारे महान नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल के बारे में बताना होगा कि उन्होंने रियासतों को समाप्त कर उन्हें देश को आम धारा से जोड़ने का प्रयास उनके इस तरह के अनेक कदम सराहनीय है आज इन दोनों नेताओं को हम गर्व के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं उक्त आशय के विचार गत दिवस स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम की सहायता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेंद्र मिश्रा ( छोटू भैया )ने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी जनों को ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण पाठक, राजेश चौबे,लाल बहादुर पाठक, शंकर वंशकार एम मंसूर भाई ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में प्रकाश कुररिया, जगदीश सैनी,डब्बू पाठक ,सत्येंद्र पटेल ,राहुल पांडे, जीतू पटेल, गणेश दहिया, गिरधर सरावगी सहित अनेक पार्टी जन उपस्थित थे ।

# अशोक चौकसे उपाध्यक्ष बने:बधाईयों का तांता



**गोटेगांव--** क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज समिति पिपरिया .जिला होशंगाबाद मप्र का अशोक चौकसे सेवा निवृत प्राचार्य को नगर *उपाध्यक्ष* बनायें जाने,से समाज और क्षैत्रीय समाजसेवीयो जिनमे पिपरिया के पूर्व विधायक सुरेश राय, पूर्व नपांअध्यक्ष श्रीमति अनिता/ रविशेखर जायसवाल,कलार समाज जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे, किशोर राय प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के अलावा गोटेगांव से अधिमान्य पत्रकार शरद नेमा,पिपरिया तहसील पेंशनर्स कर्मचारी संघ अध्यक्ष श्री एम.एल.नायक, राकेश राय जिला कलचुरि समाज के पदाधिकारियों तेंदूखेड़ा समाज से संचार माध्यम एवम,व्यक्तिगत तौर पर *बधाई, शुभकामनाएं* प्रेषित की हें एवं पुन: भरोसे के साथ दायित्व सौपें जाने के लिए समिति को धन्यवाद, आभार व्यक्त किया हैं। उल्लेखनीय है कि अशोक चौकसे ,गाडरवारा कोर्ट औथ कमिश्नर अनुज चौकसे और सालीचौका के बरिष्ठ पत्रकार अवधेश चौकसे के बडे भाई हैं।।

# सरदार पटेल ने अखण्ड भारत हेतु देश को एकजुट किया : पटेल



**जबलपुर।** राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जबलपुर महानगर के अध्यक्ष रंजीत पटेल के नेतृत्व में आईटीआई चुंगी चौकी सरदार पटेल चौक पर भारत के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 146 वी जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष श्री रंजीत पटेल ने इस अवसर पर कह आजादी के बाद देश को खंड-खंड करने के षड्यंत्र को विफल करते हुए लौहपुरुष सरदार पटेल ने एक अखंड भारत बनाने का काम किया। कार्यक्रम में राहुल कपूर, चंद्रशेखर पटेल, कमलजीत बठिजा, दीपक मंगलानी, अनिकेत चौरसिया, राजेश तिवारी, गोल्डी पटेल, किशन लालवानी, राहुल सिंह, हर्षित राय, सर्वेश यादव, प्रबल शुक्ला, संतोष तिवारी,साहिल ठाकुर, निश्चय तिवारी, आलोक श्रीवास्तव, अमन पटेल, सूर्या श्रीवास्तव, हर्ष पटेल के साथ युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शिक्षिका रामेत्री गुप्ता की सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई

**सिहोरा।** शासकीय प्राथमिक शाला उमरिया नाका में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका श्रीमती रामेत्री गुप्ता की विदाई कार्यक्रम का आयोजन अशोक उपाध्याय बीईओ सिहोरा के मुख्यातिथ्य, विशिष्ट अतिथि पी एल रैदास बीआरसीसी के विशिष्ट आतिथ्य ,संकुल प्राचार्य श्रीमती शांति कुटार यशोदा बाई खितौला बाजार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कहा कि शिक्षक शिक्षा दान कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करता इसीलिए वह अपने आप मे महान है। बीआरसी ने सेवानिवृत्त हुई शिक्षिका श्रीमती गुप्ता के शिक्षकीय कार्यकाल की व संकुल प्राचार्य ने स्कूल के बच्चों के बीच उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार व उनजे कर्तव्य पालन की प्रशंसा की।शाला के स्टाफ की ओर से अभिनन्दन पत्र देकर शाल श्रीफल भेंट किया। मंच संचालन मैथिली शरण नायक ने किया। के पी दाहिया,सरोज पटैल, ममता पाण्डेय,रेखा गर्ग, अंजली बडौनया,जय प्रकाश तिवारी, आलोक बिजौरहा,



अरविंद तिवारी, सुरेन्द्र पाण्डेय सतीश तिवारी, नारायण प्रसाद गुप्ता 94वर्ष , विष्णु राधा गुप्ता,नीरज रिचा,अमित, नीतू कनकने,महेश, शशि कंदेले, राजेंद्र,लक्ष्मी रखौलया, सीता गुप्ता, अपर्णा नायक, आरती नायक तथा गुप्ता परिवार व अनेक शिक्षक साथी की उपस्थिति रही।



# टाटा मोटर्स ने सभी सेगमेंट्स में 21 नए कॉमर्शियल वाहन लॉन्च किए

**मुंबई।** भारत के सबसे बड़े कॉमर्शियल वाहनों के निर्माताएटाटा मोटर्स ने आज 21 नए प्रॉडक्ट्स और वैरिएंट्स की विस्तृत और व्यायपक रेंज लॉन्च कर भारत के आर्थिक विकास में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। इसे सभी श्रेणियों और सभी तरह सामान ले जाने तथा यात्रियों के लिए सुविधाजनक ट्रांसपोर्ट की उभरती जरूरत को पूरा करने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। ये अत्याथधुनिक वाहन टाटा मोटर्स के अलग.अलग तरीके से इस्तेमाल के लिए स्था पित श्पावर ऑफ6श् लाभ प्रस्ताव को फिर से स्थापित करते हैं। इसकी उत्पादकता काफी अधिक है और स्वामित्व की लागत ;टीसीओद्ध काफी कम है।

# स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का समापन हिरण घाट पर




**सिहोरा ।** द्वितीय चरण में रविवार को स्वच्छ भारत अभियान का बृहद समापन हिरण नदी के पावन तट पर श्रमदान के माध्यम से किया गया जिसमें प्लास्टिक वेस्ट का संग्रह नगर पालिका परिषद, सिहोरा स्वास्थ्य विभाग सिहोर एवं नेहरू युवा केंद्र ,आशा जन सेवा समिति धनगवां के स्थानीय एवं आसपास के युवा मंडल सदस्यों के साथ किया गया जिसका नेतृत्व नमन श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी ,स्वच्छता मिशन नगरपालिका, सिहोरा द्वारा किया गया एवं सनिल यादव पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक के मार्गदर्शन में संपूर्ण दल सदस्यों द्वारा तट के आसपास फैली प्लास्टिक वेस्ट का संग्रहण किया गया वही दीपक साहू पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक ने घाट पर उपस्थित आमजन को जागरूकता हेतु पावन नदी में प्लास्टिक और पूजन सामग्री प्रवाहित ना करने की अपील की प्रतीक सिन्हा जिला युवा अधिकारी एवं कार्यक्रम सहायक अतुल पांडे ने सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के संदर्भ में अपनी बात रखी जिला युवा अधिकारी द्वारा उक्त संदर्भ में उपस्थित आम जनों को सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाई गई इस वृहद श्रमदान कार्यक्रम के दौरान लगभग 20 पैकेट प्लास्टिक वेस्ट का संग्रहण किया गया जिसे नगर पालिका सिहोरा द्वारा उपलब्ध कराई गई वैन में निष्पादन हेतु रखा गया संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में आशा जन सेवा समिति के अध्यक्ष विनय असाटी , राकेश गुप्ता स्वच्छता निरीक्षक नगरपालिका सिहोरा एवं स्थानीय युवाओं नीलेश, अरुण, विकास, हरकेश, कबीर एवं दुर्गेश पटेल, कुमारी जानकी पटेल एवं श्री सत्येंद्र पटेल, श्री आशीष झारिया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सहभागिता की नेहरू युवा केंद्र द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों , ,सौरव सेन, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवकों , नगर पालिका स्टाफ का आभार प्रकट किया गया।

# अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता बालक वर्ग 15 की चयन ट्रायल

**जबलपुर ।** संभागीय क्रिकेट संघ के तत्वावधान में अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु बालक वर्ग 15 की चयन ट्रायल रानीताल क्रिकेट मैदान पर ली गई जिसमें संभावित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है वेदांत चौकसे ,मलय लोहिया ,अलंकृत सिंह ,लक्ष्य मिश्रा ,सिराज खान ,सम्यक जैन, अनुभव ठाकुर ,तनिष्क यादव, समर खान ,हार्दिक गोष्ट ,रोशन ड्राइवर ,प्रांजल प्रभाकर, स्वास्तिक गुप्ता ,मोहित शुक्ला, जयवर्धन तोमर ,अभिराज तिवारी, दीपांशु तिवारी ,श्लोक दुबे ,शांतनु तिवारी ,रवि बेन, ओजस बल्हारा ,आर्यवीर पटेल, तरुण विश्वकर्मा ,सूर्य दीप , तुषार गंगवानी ,हिमांशु लाहौरी ,आर्यन जैन ,यश रजक ,सौरव चौबे, अथर्व शर्मा ,आर्य चौबे ,अर्पित श्रीवास्तव ,आंसर सिंह चौहान, विराज जैन ,अर्जुन श्रीवास्तव और रजनीश परवान यह सभी खिलाड़ी रानीताल क्रिकेट मैदान पर शाम 5:00 बजे अपने जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड के साथ सचिव धर्मेंद्र पटेल ,सचिन गोस्वामी से संपर्क करें। इन सभी खिलाड़ियों का अभ्यास मैच 5,6,7 नवंबर को रखा जयेगा। देश की स्वतंत्रता में कांग्रेस के पूर्वजों का बलिदान अविश्वसनीय रहा हम उसी परंपरा के वाहक हैं वर्तमान युग देश की मान्य परंपराओं के विपरीत काम करने वालों का है ।

# सरदार पटेल जयंती पर नुनसर में हुआ कार्यक्रम आयोजित



**नुनसर।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी सरदार पटेल जयंती समारोह का कार्यक्रम ग्राम नुनसर में रविवार की दोपहर राष्ट्रीय एकता दिवस एवं कुर्मी एकता दिवस के रूप में आयोजित किया गया। वहीं बीते 10 वर्षों से सरदार पटेल की प्रतिमाओ का स्थापना का क्रम जारी है। बरोदा, करारी,पोडा , झगरा कचनारी एवं आज ग्राम नुनसर मे लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 21 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जा रही है। कार्यक्रम में आयोजक कुर्मी सेवा संस्थान, कुर्मी क्षत्रिय समाज, ग्रामीणों के साथ मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता द्वारका प्रसाद पटेल ने की वहीं कार्यक्रम संयोजक चौधरी नारायण सिंह, हरि पटेल, विजय पटेल ,संतोष पटेल सुजीत पटेल राज किशोर पटेल ,रवि पटेल चौधरी नर्सिंग अर्जुन पटेल, जरोंद से घनश्याम पटेल, संगीत पटेल सहित समस्त ग्राम से आए हुए कुर्मी सेवा संस्थान जबलपुर, कुर्मी क्षत्रिय समाज आसपास से आए हुए ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अजय पटैल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पाटन पुलिस नुनसर चौकी पुलिस का सराहनीय सहयोग रहा।



# ताइक्वांडो खिलाड़ियों को कलर बेल्ट व प्रमाण पत्र बांटे

**जबलपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा हुई संपन्न हमारे संवाददाता द्वारा प्राप्त जानकारी पर मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी ऑफ इंडिया के संस्थापक राजकुमार यादव ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी एवं जिला ताइक्वांडो यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन प्रेम नगर कालीबाड़ी कृपाल चौक में में किया गया जिसका शुभारंभ मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी के संरक्षक मिलन मुखर्जी , पूर्व पार्षद गुड्डू नवीं, वरिष्ठ पत्रकार जुवेर शेख के आतिथ्य में किया गया जिनका स्वागत एकेडमी के संस्थापक राजकुमार यादव , जिला सचिव जयराज चौधरी , शिवांगी नांदेकर ,मानवराज यादव , श्रीमन किताह ने फूलमालाओं से किया गया। इस ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा में शहर की प्रिंस मार्शल आर्ट एकेडमी मदन महल, मानव क्रीड़ा एवं कला एकेडमी बिलहरी , मार्शल आर्ट एकेडमी बरेला , मार्शल आर्ट एकेडमी सुहागी के खिलाड़ियों ने इस परीक्षा में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ताइक्वांडो कलर बेल्ट प्राप्त करने में सफल हुए ,उन सभी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि मिलन मुखर्जी , पूर्व पार्षद गुड्डू नवीं, अन्तर्राष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल प्रशिक्षक राजकुमार यादव, जुबेर शेख के द्वारा सभी खिलाड़ियों को ताइक्वांडो कलर बेल्ट पहनाते हुए प्रशस्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा के प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार है। यलो बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम जसप्रीत कौर,बेबी इसानी पांडे, दैविक शरण, कियारा सेलेट,बक्सीस सिंह खनुजा ,मैहर कौर खनुजा , आकृति सिंह भदौरिया,परी बागरी, कृतिका खियानी,इकमप्रीत कौर ग्रोवर, जसकरन सिंह सलुजा, समीर बागरी। ग्रीन बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम वागिशा गुप्ता, भुवनेश्वर शर्मा ।ग्रीन हाई बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम देवनूर कौर ग्रोवर, भुवनेश्वर शर्मा,ब्लू बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम घान्या शर्मा ,देवनूर कौर ग्रोवर।रेड बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम अंशिता राय,अमिश्का राय, साक्षी जायसवाल । रेड हाई बेल्ट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के नाम मानवी यादव ।

# जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में बच्चों की शानदार प्रस्तुति

**जबलपुर** महाकोशल क्रीड़ा परीषद के तत्वावधान में स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में वर्ष भर महापुरुषों की जयंती पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है इस श्रंखला में जबलपुर जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर महाकोशल क्रीड़ा परिषद एवं विजय स्केटिंग एकेडमी द्वारा जबलपुर जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में करीब 60-70 खिलाडीयों ने भाग लिया । विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है ।अंडर 5-7 आयु वर्ग क्वाडस बालक वर्ग में आरव अग्रवाल प्रथम, वैदिक सिंह द्वितीय, अतीक्ष जैन तृतीय स्थान अर्जित किया । इसी प्रकार अंडर 5-7 आयु वर्ग क्वाडस बालिका मे प्रथम स्थान रितिका विश्वकर्मा, द्वितीय स्थान शिवांशी ,एंव तृतीय स्थान शिवान्या द्वारा अर्जित किया गया । आयु वर्ग 7-9 क्वाडस बालक वर्ग में प्रथम स्थान श्रेयांश अग्रवाल , द्वितीय स्थान वेदांत सिंह एंव तृतीय स्थान मनन ,



आयु वर्ग 7-9 वर्ष क्वाडस बालिका वर्ग में प्रथम स्थान आरूषि साहू, द्वितीय स्थान अराध्य बेनर्जी एंव तृतीय स्थान चारवी अरोरा द्वारा अर्जित किया गया । आयु वर्ग 7-9 वर्ष बालिका वर्ग इनलाईन में प्रथम स्थान मे कु. अनुश्री शशीधरन, द्वारा अर्जित किया गया । आयु वर्ग 9-11 वर्ष बालक वर्ग क्वाडस मे प्रथम स्थान अरूनोदय राय , द्वितीय स्थान पर अमित मिश्रा एंव तृतीय स्थान पर अविरल रहे । आयु वर्ग 9-11 वर्ष बालिका वर्ग क्वाडस मे प्रथम स्थान अनवेशा करकरे द्वारा अर्जित किया गया । आयु वर्ग 9-11 वर्ष बालिका इनलाईन में प्रथम स्थान आध्या दुबे, द्वितीय स्थान नायशा, आयु वर्ग 9-11 वर्ष बालक इनलाईन में प्रथम स्थान कौस्तव प्रसाद एंव द्वितीय स्थान दिपांशु द्वारा अर्जित किया गया । आयु वर्ग 11-14 वर्ष बालिका क्वाडस में प्रथम स्थान भारवी शाह, द्वितीय स्थान यादवी सुनील शशीधरन एंव तृतीय स्थान मान्या तिवारी , आयु वर्ग 9-11 वर्ष बालक वर्ग क्वाडस में प्रथम स्थान पर सोहम पुरकैत, द्वितीय स्थान पर शाश्वत बुधोलिया एंव तृतीय स्थान पर पार्थ पटेल रहे । आयु वर्ग 11-14 वर्ष बालिका इनलाईन में सानवी प्रथम, आयु वर्ग 11-14 वर्ष बालक इनलाईन में निरेक टंडन प्रथम एंव मानविक प्रसाद द्वितीय रहे । आयु वर्ग 14-17 वर्ष बालक क्वाडस में प्रथम स्थान मीत सोनी , द्वितीय स्थान राघवेन्द्र मखीजा एंव तृतीय स्थान पर आसिफ रहे । आयु वर्ग 14-17 वर्ष बालिका क्वाडस में पीहू सोनी प्रथम, दिशा रैकवार द्वितीय एंव अमी पाण्डेय तृतीय रही । आयु वर्ग 14-17 वर्ष बालिका इनलाईन में आयमन अंजुम प्रथम एंव बालक वर्ग में धुर्व सिंह प्रथम रहे । आयु वर्ग 17 वर्ष से अधिक बालक वर्ग क्वाडस में प्रथम अनिरूध्द खण्डेलवाल, द्वितीय आदर्श नेमा एंव तृतीय अंकित अग्रवाल रहे । आयु वर्ग 17 वर्ष से अधिक बालक वर्ग इनलाईन में प्रांजुल रजक द्वारा प्रथम स्थान एंव हिमांशु द्वारा द्वितीय स्थान अर्जित किया गया ।सभी खिलाड़ियों को महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशान्त मिश्र, संयोजक जगत बहादुर सिंह अन्नू , वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेन्द्र तिवारी, द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई । प्रतियोगिता के आयोजन में आशीश रैकवार , राजकुमार यादव एवं विजेन्द्र लोधी का सहयोग रहा ।

# गोलबाजार जूनियर 2 विकेट से विजयी

**जबलपुर।** संजीबनी अकेडमी के तत्वावधान में इंदिरा गांधी जी पुन्य तिथि एवं सरदार बल्लव भाई पटेल के जन्मदिन पर मैत्री मैच खेला गया ।जिसमें गोलबाजार जूनियर एवं संजीबनी जूनियर के मध्य खेला गया ।पहले बल्लेबाजी करते हुए संजीबनी ने 30 ओवर में 160 रन बनाए जिसमे अवि पचौरी 40 अंचल 36 कन्हा 16 प्रथम 14 रन बनाये। गोलबाजार जूनियर की ओर से अहम जैन 2 ईशान 1 विकेट लिए। जवाब में गोलबाजार जूनियर 2 विकेट से विजयी हुई । गोलबाजार की ओर से विहान 30 राम 20 अजित 28 रन बनाए ।संजीबनी की ओर से अंचल 3 गगन 1 वैष्णव 1 विकेट लिए ।मैच के दौरान किशोर बेन दीपक विश्कर्मा हरीश परिहार उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण

**जबलपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर पोडा पौढ़ी मझौली मैं प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारत सिंह यादव ,पूर्व मंडी अध्यक्ष प्रदीप यादव, ग्रामीण अध्यक्ष शिव पटेल, ओबीसी के अध्यक्ष इंद्र कुमार पटेल, दिनेश पटेल ,धनेश पटेल, विनोद पटेल ,परमू यादव, सतीश यादव पूर्व पार्षद सीहोरा,दीपक शर्मा टिम्मी, रंजीत यादव, राजेश दहिया ,ने प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया

# धनतेरस पर खरीदते हैं सोना, चांदी, बर्तन और धनिया

धनतेरस पर्व कार्तिक कृष्ण पक्ष के त्रयोदशी अर्थात धन तेरस से प्रारंभ होता है। इस दिन समुद्र मंथन के दौरान धन्वंतरि देव अमृत का कलश लेकर प्रकट हुए थे और माता लक्ष्मी सोने का गढ़ा लेकर प्रकट हुई थी। अत- इस दिन दोनों की पूजा का महत्व है। धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त जहां दीपदान किया जाता है। इस दिन खासकर सोना, चांदी बर्तन और खड़ा धनिया खरीदने की परंपरा है। आओ जानते हैं कि ऐसा क्यों करते हैं।




1. सोना

इस दिन सोने के आभूषण खरीदने की परंपरा भी है। सोना भी लक्ष्मी और बृस्पति का प्रतीक है इसलिए सोना खरीदने की परंपरा है।

2. चांदी –

इस दिन चांदी खरीदना चाहिए क्योंकि चांदी कुबेर देव की धातु है। इस दिन चांदी खरीदने से घर में यश, कीर्ति, ऐश्वर्य और संपदा में वृद्धि होती है। चांद्र चंद्र की धातु है जो जीवन में शीतलता और शांति को स्थापित करती है।

3. पीतल–

का बर्तन इस दिन पीतल का बर्तन खरीदना चाहिए क्योंकि पीतल भगवान धन्वंतरी की धातु है। पीतल खरीदने से घर में आरोग्य, सौभाग्य और स्वास्थ्य की दृष्टि से शुभता आती है। पीतल गुरु की धातु है। यह बहुत ही शुभ है। बृहस्पति ग्रह की शांति करनी हो तो पीतल का इस्तेमाल किया जाता है।

4. धनिया (खड़ा धनिया)–

खरीदना बहुत ही शुभ होता है। इस दिन जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धनिए के नए बीज खरीदते हैं वहीं शहरी क्षेत्र में पूजा के लिए साबुत धनिया खरीदते हैं। धनिया भी बृहस्पति ग्रह का कारक है।


इस दिन सूखे धनिया के बीज को पीसकर गुड़ के साथ मिलकर एक मिश्रण बनाकर नैवे तैयार करते हैं।

मान्यता है कि ऐसा करने से धन का नुकसान नहीं होता है। धनिया को संपन्नता का प्रतीक माना जाता है। इसलिए धनतेरस को थोड़ी सी धनिया जरूर खरीदें। किवदंति अनुसार ऐसी मान्यता है कि धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी को धनिया अर्पित करने और भगवान धनवंतरि के चरणों में धनिया चढ़ाने के बाद उनसे प्रार्थना करने से मेहनत का फल मिलता है और व्यक्ति तरक्की करता है। पूजा के बाद आप धनिया का प्रसाद बनता है जिसे सब लोगों के बीच वितरित किया जाता है।

## धनतेरस पर बरसेगा धन

### अगर कर लिए समृद्धि से जुड़े काम




2 नवंबर 2021 को धनतेरस या धनत्रयोदशी का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व के नाम में ही धन है अर्थात इस दिन धनपति या अमीर बनने के लिए पूजा, पाठ और ज्योतिष उपाय किए जाते हैं। यदि आप भी चाहते हैं

### 1. धनिया से दूर होगी आर्थिक परेशानी -

धन तेरस के दिन साबूत धनिया खरीदें और फिर उसकी पूजा करके उसे भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी के समक्ष अर्पित कर दें। इसके बाद अपनी मनोकामना बताकर कुछ धनिया बगीचे में बो दें और कुछ को लाल कपड़े में बांधकर अपनी तिजोरी में रख दें। मान्यता है कि ऐसा करने से जल्द से जल्द आपकी आर्थिक परेशानी दूर होगी। ऐसा करने से धन का नुकसान भी नहीं होता है।

### 2. दीपदान से मिलेगी कर्ज से मुक्ति

परिवार के सभी सदस्यों के घर आने और खाने-पीने के बाद सोते समय एक पुराने दीपक में सरसों का तेल डालकर उसे जलाया जाता है। फिर उसे घर में सभी जगह घुमाया जाता है और इसके बाद यह दीपक घर से बाहर दक्षिण की ओर मुख कर नाली या कूड़े के ढेर के पास रख दिया जाता है। इसके बाद जल चढ़ा कर दीपदान करते समय यह मंत्र बोला जाता है–

धनतेरस पर क्यों खरीदते हैं सोना, चांदी, बर्तन और धनिया, क्या होगा फायदा
मृत्युना पाशहस्तेन कालेन भार्यया सह।
त्रयोदश्यां दीपदानात्सूर्यज- प्रीतयामिति।।

### 3. बताशे और खीर का लगाएं भोग

धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी को बताशे और खीर का भोग लगाने से से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और इससे आपकी तिजोरी में कभी भी धन की कमी नहीं होगी।

### 4. हल्दी की गांठ से बढ़ेगा धन

हल्दी की गांठ – इस दिन कुछ खड़ी हल्दी खरीदना भी शुभ है। शुभ मुहूर्त देखकर बाजार से गांठ वाली पीली हल्दी अथवा काली हल्दी को घर लाएं। इस हल्दी को कोरे कपड़े पर रखकर स्थापित करें तथा षडोशपचार से पूजन करें। यह भी धन समृद्धि को बढ़ाने वाला उपाय है।

### 5. तिजोरी में रखें सुपारी

धनतेरस की पूजा में भी सुपारी का प्रयोग किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार, सुपारी को ब्रह्मदेव, वरूण देव, यमदेव और इंद्रदेव का प्रतीक माना जाता है। पूजा के बाद सुपारी को तिजोरी या अलमारी में रखना शुभ माना गया है। इससे आपके जीवन में कभी धन की कमी नहीं होगी और तिजोरी हमेशा धन से भारी रहेगी।

## धनतेरस - पवित्र और पौराणिक कथा

धनतेरस के दिन मृत्यु के देवता यमराज और भगवान धन्वंतरि की पूजा का महत्व है। कार्तिक मास की कृष्ण त्रयोदशी को धनतेरस कहते हैं। यह त्योहार दीपावली आने की पूर्व सूचना देता है। इस दिन नए बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है।

क्यों मनाते हैं धनतेरस– भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य का स्थान धन से ऊपर माना जाता रहा है। यह कहावत आज भी प्रचलित है कि %पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में माया% इसलिए दीपावली में सबसे पहले धनतेरस को महत्व दिया जाता है। जो भारतीय संस्कृति के हिसाब से बिल्कुल अनुकूल है। शास्त्रों में वर्णित कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन भगवान धन्वंतरि अपने हाथों में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए। मान्यता है कि भगवान धन्वंतरि विष्णु के अंशावतार हैं। संसार में चिकित्सा विज्ञान के विस्तार और प्रसार के लिए ही भगवान विष्णु ने धन्वंतरि का अवतार लिया था। भगवान धन्वंतरि के प्रकट होने के उपलक्ष्य में ही धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है।

**क्या करें-**

– धनतेरस के दिन अपने सामर्थ्य के अनुसार किसी भी रूप में चांदी एवं अन्य धातु खरीदना अति शुभ है।

– धन संपत्ति की प्राप्ति हेतु कुबेर देवता के लिए घर के पूजा स्थल पर दीप दान करें एवं मृत्यु देवता यमराज के लिए मुख्य द्वार पर भी दीप दान करें।



**कथा-**

धनतेरस से जुड़ी कथा है कि कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी के दिन देवताओं के कार्य में बाधा डालने के कारण भगवान विष्णु ने असुरों के गुरु शुक्राचार्य की एक आंख फोड़ दी थी। इस कथा के अनुसार, देवताओं को राजा बलि के भय से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और राजा बलि के यज्ञ स्थल पर पहुंच गए। शुक्राचार्य ने वामन रूप में भी भगवान विष्णु को पहचान लिया और राजा बलि से आग्रह किया कि वामन कुछ भी मांगे उन्हें इंकार कर देना। वामन साक्षात भगवान विष्णु हैं जो देवताओं की सहायता के लिए तुमसे सब कुछ छीनने आए हैं।बलि ने शुक्राचार्य की बात नहीं मानी। वामन भगवान द्वारा मांगी गई तीन पग भूमि, दान करने के लिए कमंडल से जल लेकर संकल्प लेने लगे। बलि को दान करने से रोकने के लिए शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में लघु रूप धारण करके प्रवेश कर गए। इससे कमंडल से जल निकलने का मार्ग बंद हो गया।वामन भगवान शुक्रचार्य की चाल को समझ गए। भगवान वामन ने अपने हाथ में रखे हुए कुशा को कमण्डल में ऐसे रखा कि शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। शुक्राचार्य छटपटाकर कमण्डल से निकल आए। इसके बाद बलि ने तीन पग भूमि दान करने का संकल्प ले लिया। तब भगवान वामन ने अपने एक पैर से संपूर्ण पृथ्वी को नाप लिया और दूसरे पग से अंतरिक्ष को। तीसरा पग रखने के लिए कोई स्थान नहीं होने पर बलि ने अपना सिर वामन भगवान के चरणों में रख दिया। बलि दान में अपना सब कुछ गंवा बैठा।इस तरह बलि के भय से देवताओं को मुक्ति मिली और बलि ने जो धन-संपत्ति देवताओं से छीन ली थी उससे कई गुना धन-संपत्ति देवताओं को मिल गई। इस उपलक्ष्य में भी धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है।

## मंजरी ने जीता मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड

### देश-प्रदेश के साथ बहु मंजरी गुप्ता बढ़ाया कटनी का मान




**दुबई में आयोजित हुई प्रतियोगिता, दुनियाभर के 100 से अधिक प्रतिभागियों के बीच शहर और देश का नाम किया रौशन**

**कटनी।** हमारे सभी सपने सच हो सकते हैं, अगर हमारे पास इसे आगे बढ़ाने का साहस, कड़ी मेहनत और लगन है। यह कहावत किसी और ने नहीं बल्कि कटनी की बहू मंजरी प्रिया गुप्ता ने सच साबित की है, जिन्होंने जीत लिया है हॉट मोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड 2021 का खिताब, जो हाल ही में यूएई में दुनिया भर के 100 से अधिक प्रतिभागियों के बीच आयोजित किया गया था। उन्हें मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड पृथ्वी तत्व की विजेता का ताज पहनाया गया है, इसके अलावा पूर्व और मध्य भारत की जोनल विजेता और इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में मिसेज पॉपुलर सब टाइटल भी जीता। मंजरी गुप्ता रांची में पली, बढ़ी और वर्त्तमान में एक फिनटेक कंपनी में डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं और अपने 2 छोटे ब' चे 5 वर्षीय पुत्र और 7 वर्षीय पुत्री और पति रितेश गुप्ता डायरेक्टर एसएपी के साथ बेंगलुरु में रहती हैं। वह कटनी के जाने-माने उद्योगपति स्व. भरत प्रसाद गुप्ता और इनरव्हील रोटरी क्लब की पूर्व अध्यक्ष आशा गुप्ता की बहू हैं। इस जीत के साथ न केवल कटनी बल्कि पूरे देश के लिए एक मिसाल कायम की है और कटनी शहर का नाम वैश्विक मंच पर रोशन किया है। शादी के बाद जब महिलाएं सोचती हैं कि उनका जीवन खत्म हो गया है और उनकी कोई पहचान नहीं है, तब मंजरी, जिनके पास ऑफिस, घर, ब' चों की परवरिश करने की जि मेदारियां हैं, ने यह अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतकर भारत में सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। कार्यक्रम के प्रायोजक फाइनलिस्टों को शूटिंग, सेमीफाइनल और फिनाले के लिए दुबई और रास-अल-खैमाह ले गए। ग्रैंड फिनाले 2× अक्टूबर को हिल्टन गार्डन इन, रास-अल-खैमाह में शुरू हुआ और इसमें डॉ अदिति गोवित्रिकर मिसेज वर्ल्ड, सिल्वी रॉजर्स सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट, रमन कुमार एसोसिएट, श्री साई एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे। जूरी पैनल में तारिणी मुखर्जी विजेता, हॉट मोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड 2019 और रोनी कौला सेलिब्रिटी फोटोग्राफर। इस शो को मशहूर सुपरमॉडल कविता खरायत ने अभिनेता और मॉडल सनी कांबले के साथ कोरियोग्राफकिया था। आधिकारिक परामर्श कीर्ति मिश्रा नारंग जल तत्व के विजेता, हॉट मोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड 2018 द्वारा किया गया था। फाइनलिस्ट को यूएई में × स्थानों पर इवेंट के आधिकारिक सेलिब्रिटी फोटोग्राफर रोनी कौला द्वारा शूट किया गया था।



**कार्यक्रम के प्रायोजक फाइनलिस्टों को शूटिंग, सेमीफाइनल और फिनाले के लिए दुबई और रास-अल-खैमाह ले गए। ग्रैंड फिनाले 2× अक्टूबर को हिल्टन गार्डन इन, रास-अल-खैमाह में शुरू हुआ और इसमें डॉ अदिति गोवित्रिकर मिसेज वर्ल्ड, सिल्वी रॉजर्स सेलिब्रिटी हेयर स्टाइलिस्ट और मेकअप आर्टिस्ट, रमन कुमार एसोसिएट, श्री साई एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल थे।**

## गौतम गंभीर ने भारतीय टीम को लगाई लताड़, बोले- मानसिक तौर पर कमजोर है टीम

नई दिल्ली, । भारत के पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को नहीं लगता कि विराट कोहली की टीम में रविवार को टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 विकेट से हार के बाद आइसीसी टूर्नामेंट में नाकआउट मैच जीतने की मानसिक शक्ति है। भारत को अपने अभियान को पुनर्जीवित करने के लिए न्यूजीलैंड को हराना था और उम्मीद की जा रही थी कि टीम इंडिया कड़ी मेहनत से कीवी टीम के खिलाफ वापसी करेगी, लेकिन दुबई के मैदान पर इसके बिल्कुल विपरीत हुआ।भारतीय टीम ने 20 ओवर खेलकर 7 विकेट खोकर 110 रन बना सकी और न्यूजीलैंड की टीम 14.3 ओवर में 2 विकेट खोकर मैच को जीत ले गई। यहां से भारत अपने आखिरी तीन मैच जीत भी जाता है फिर भी टीम इंडिया को दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। हालांकि, गंभीर को लगता है कि विराट कोहली के नेतृत्व वाली मौजूदा भारतीय टीम में महत्वपूर्ण मैच जीतने के लिए मानसिक शक्ति की कमी है, यही वजह है कि पिछले दो वर्षों में उन्होंने बड़े टूर्नामेंटों में नाकआउट मैच गंवाए हैं।क्रिकइंफो पर पूर्व भारतीय ओपनर ने कहा, हां प्रतिभा एक चीज है, आपके पास सभी स्किल्स हैं और द्विपक्षीय सीरीजों में वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करते हैं, लेकिन जब इस तरह के खेलों और टूर्नामेंटों की बात आती है, तो यह तब होता है जब आपको खड़े होकर प्रदर्शन करना होता है। यह मैच सचमुच क्वार्टर फाइनल जैसा था। समस्या टीम की मानसिक दृढ़ता के साथ है। अचानक जब आपको पता चलता है कि आपको गेम जीतना है और आप गलती नहीं कर सकते तो गलती कर जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, द्विपक्षीय मैचों में यह अलग है, क्योंकि आप वहां गलतियां कर सकते हैं, लेकिन इस तरह के खेलों में मुझे नहीं लगता कि भारत के पास वह मानसिक मजबूती है। उनके पास कौशल है और वे बहुत खतरनाक टीम हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, हम इसके बारे में बात करना जारी रख सकते हैं कि हमें अपनी टीम के साथ खड़े रहने की जरूरत है जब यह अच्छा नहीं कर रही है, लेकिन यह एक चलन है और यह आइसीसी के अधिकांश टूर्नामेंटों में बहुत लंबे समय से हो रहा है, चाहे वह सेमीफाइनल हो या ये मैच भी।



## ओएफके में एसिड से झुलसा कर्मचारी

# पलक में पड़े एसिड के छींटे बड़ा हादसा टला

### घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**जबलपुर यशभारत।** आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) में उस समय हड़कंप मच गया जब एक कर्मचारी एसिड से झुलस गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब कर्मचारी फेक्टरी में एसिड पलटाने का काम कर रहा था। घायल कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कर्मचारी बाल-बाल बच गया है। जानकारी के अनुसार ओएफके अनुभाग ए-4 में संजय मालवीय कर्मचारी सुबह 9 बजे के करीब एसिड पलटाने का काम कर रहा था।तभी एसिड के दो छींटे उस पर पड़ गए। साथी कर्मचारी तत्काल उसे लेकर निर्माणी अस्पताल गए। जहां पता चला कि उसकी पलक के ऊपर एसिड की बूंद पड़ी है। जरा सी लापरवाही होने पर कर्मचारी के आंख में भी एसिड की बूंद पड़ सकती थी। कर्मचारी को डा.पवन स्थापक के जन ज्योति हास्पिटल रवाना किया गया है।

### बाइक से गिरा कर्मचारी, घायल

इधर निरीक्षण बंगले के सामने एक कर्मचारी के बाइक से गिर जाने पर घायल हो गया। एफ-11मे कार्यरत एक कर्मचारी सुधाकर राव निरीक्षण बंगले के सामने उस समय घायल हो गए जब अचानक एक कुत्ता उसकी गाड़ी के सामने आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक से नीचे गिर गए। हाथ में फ्रेक्चर होने से उसे मार्बल सिटी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

### इनका कहना है

अनुभाग ए-4मे एक कामगार संजय मालवीय काम के दौरान एसिड के छींटे से मामूली रूप से जख्मी हुआ। एसिड का छींटा उसकी आंख की पलक पर पड़ा है। उसे जन ज्योति अस्पताल रवाना किया गया है।

**दिनेश कुमार डीजीएम/ए/पीआरओ ओएफके**

# 70 हजार एमपीईबी कर्मचारी हड़ताल पर गए

## पहले दिन दिखा असर 3 हजार उपभोक्ताओं ने की शिकायत नहीं हुआ निराकरण



**जबलपुर, यशभारत।** बिजली कर्मिंयों की वेतन भत्ते की मांग को लेकर हड़ताल ने आम लोगों को परेशान कर दिया है। बिजली सप्लाई बंद होने की सोमवार की सुबह से करीब तीन हजार शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं लेकिन उनका निकराकरण नहीं हो रहा है। लाइन स्टाफऔर इंजीनियर काम के बहिष्कार का समथज़्न कर रहे हैं इस वजह से शिकायतों को निराकृत नहीं किया जा रहा है।इधर शक्तिभवन मुख्यालय में सुबह से दफ्तरों में सन्नाटा पसरा रहा। दफ्तर खुले लेकिन कुर्सियां खाली रही। कर्मचारी दफ्तर पहुंचे लेकिन मुख्यालय के मुख्य द्वार पर एकजुट होकर सड़क पर वाहनों की कतार लगाकर जाम करने का प्रयास किया। फोरम के जबलपुर जिले के अध्यक्ष नीलाभ श्रीवास्तव ने बताया कि कोई भी इंजीनियर और लाइन स्टाफकाम नहीं कर रहा है सुबह तक शिकायतों के दर्ज होने का सिलसिला जारी हो चुका है। 1912 कंट्रोल रूम में अब तक कंपनी क्षेत्र में तीन हजार से ज्यादा शिकायत दर्ज हो चुकी है फिलहाल हड़ताल की वजह से इन्हें अटेंड नहीं किया जा रहा है। यूनाइटेड फोरम एंड एम्पलाइन यूनियन के संयोजक वहीकेएस परिहार,वित्त सचिव विकास शुक्ल,प्रचार सचिव मनोज तिवारी,सहायक अभियंता, सोनू प्रताप पांडे, अंकित एडविन, मोहनीश वादीवा, श्रीजीत गोपी, अखिलेश चौधरी, शायमु चौधरी, मनोज तिवारी, विनय सिंह, हरप्रीत बुमराह, दीपाली जैन, श्रेया घोष, गिरीश दिशीत, जितेंद्र वर्मा, विवेक तिवारी, जयसिंह मरकाम, आर एस ठाकुर आदि अभियंता मौजूद रहे।

### फॉल्ट सुधार, मेंटेनेंस जैसे कई कामों पर असर

### ये काम होंगे प्रभावित

- घरों व व्यावसायिक इलाकों की बिजली सप्लाई में आने वाले फॉल्ट नहीं सुधारेंगे।
- दफ्तरों में बिल जमा करना हो या बकाया राशि की वसूली, ये काम भी प्रभावित होंगे।
- बिजली कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी नहीं होगी। मेंटेनेंस कार्य प्रभावित होगा।

### इन मांगों को लेकर हड़ताल पर

बिजलीकर्मियों के महंगाई भत्ता एवं स्थगित वेतनवृद्धि के बकाया राशि के 50% का भुगतान अक्टूबर के वेतन के साथ किया जाए। बिजलीकर्मियों के लिए 1 अप्रैल 2021 से 14% एनपीएस का प्रावधान तुरंत लागू किया जाए। संविदा के अधिकारी-कर्मचारियों का वेतनवृद्धि व डीए भी पिछले सालों में नहीं लगाया गया है। इसलिए सभी संविदाकर्मियों के अक्टूबर के वेतन में डीए की राशि भी दी जाए।आउटसोर्स कर्मियों के बोनस के भुगतान के साथ उनका अक्टूबर माह का वेतन भी दीपावली से पहले दिया जाए। कर्मचारियों को विद्युत देयकों में मिलने वाली 50% छूट को बंद करने के निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए।

**फोटो-अशोक बर्मन**

# एसपी के हाथों मोबाइल पाकर खिले 161 चेहरे

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर पुलिस ने 161 लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। लोगों के गुम हो चुके मोबाइल खोज कर लौटाए। इसकी कीमत 21 लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। किसी का मोबाइल ऑटो में चोरी हो गया था, तो किसी का जेब से गिर गया था। कुछ ऐसे भी थे, जिसे मोबाइल राह चलते बाइकर्स छीन ले गए थे। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सुबह लोगों के गुम मोबाइल लौटाए। कई आवेदकों की प्रतिक्रिया थी कि उन्होंने तो मोबाइल मिलने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। एक आवेदक का कहना था कि किस्त पर मोबाइल खरीदा था, पर एक महीने बाद ही गायब हो गया। पुलिस से मोबाइल मिलने का कॉल आया। मोबाइल लेने पहुंचे लोगों में बड़ी संख्या कॉलेज गोइंग छात्र-छात्राओं के थे।

### आवेदकों को तलाश कर लौटाए गुम मोबाइल





**मोबाइल गुम हो तो यहां करें शिकायत**- एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा के मुताबिक गुमे हुए मोबाइल की शिकायत संबंधित थाने में करें। उस शिकायत की छाया प्रति और मोबाइल बिल की छायाप्रति को साइबर सेल जबलपुर के हेल्प लाइन नम्बर 7587616100 पर भेजें। इसकी मदद से गुम हुए मोबाइल को साइबर सेल की मदद से तलाश कराया जाता है। अब तो मोबाइल गुमने की शिकायत ऑनलाइन भी नागरिक पोर्टल पर कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा ने बताया कि साल 2021 में साइबर पुलिस 500 मोबाइल खोजकर लोगों तक पहुंचाए जा चुका हैं। प्रथम चरण में 109, दूसरे में 105 और तीसरे-चौथे चरण में 276 खोजकर लोगों को मोबाइल दिए जा चुकें हैं।

### अब तक 500 मोबाइल ढूंढ चुकी है साइबर पुलिस

## मदनमहल में प्रौढ़ पर फायरिंग

# घुटने में धंसी गोली

**जबलपुर, यशभारत।** मदनमहल के शुक्ला नगर में रविवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक घर में बैठे व्यक्ति को अचानक पैर में गोली लग गयी। घटना के बाद संबंधित व्यक्ति ने बाहर आकर देखा तो कोई नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। मदनमहल महल थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि शुक्ला नगर निवासी राजेश सेन उम्र 50 वर्ष के परिजनों ने सूचना दी थी कि राजेश सेन को किसी अज्ञात व्यक्ति ने पैर में गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर, परिजनों के बयान लिए है। इस दौरान पता चला कि राजेश सेन द्वारा बहुत से लोगों से ब्याज में पैसा और बैंक से कर्ज ले रखा है। शायद इसी के चलते किसी व्यक्ति ने उनपर गोली चलाई है। पुलिस ने प्रकरण को जांच में लेते हुए अज्ञात आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

## शिक्षक की हरकतों से शिक्षिका परेशान

# चाय पर बुलाता है, नहीं जाती हूं तो कमेंट करता है

**जबलपुर, यशभारत।** शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका ने अपने साथी शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिक्षिका का आरोप है कि शिक्षक बार-बार चाय पर बुलाता है नहीं जाती हूं तो अभद्रता करता है। स्कूल में ज्वाइनिंग तब से हुई उसी वक्त से शिक्षक परेशान कर रहा है। पूरा मामला बेलखाडू संकुल झगरा प्राथमिक स्कूल का है।

**शासकीय प्राथमिक झगरा का मामला, शिक्षिका ने की शिकायत**

### दाहिया परिवार खोलता है स्कूल

पीड़ित शिक्षिका ने आरोप लगाते हुए बताया कि शिक्षक प्रमोद पटेल मनमानी में उतारू हैं। स्कूल के बाजू में रहने वाले दाहिया परिवार के घर में स्कूल बंद करके चाबी दे जाती है और दाहिया परिवार के लोग ही स्कूल खोलते हैं। मैनें हमेशा बोला शासकीय शाला की चाबी किस आधार पर दूसरे व्यक्ति को देते तो प्रमोद पटेल द्वारा गाली गलौच की जाती। बार-बार आफिस में बुलाकर चाय पीने एवं फालतू कमेंट किये जाते एवं अनैतिक कार्य में इनका साथ देने दबाव बनाया जाता। जबसे स्थानांतरण हुआ उसके पहले अतिथि शिक्षक राशी दुबे कार्यरत थी। परंतु मेरे जाने के बाद 3 शिक्षक होने के बाद भी सितंबर से जनवरी तक कार्यरत थी उनका वेतन किस आधार पर निकला मेरे पूछने पर प्रमोद पटेल द्वारा मुझे गाली गलौच एवं धमकी दी जाती थी। शिक्षिका का कहना है कि वर्तमान में कक्षा 3 एवं चौथी कक्षा का दायित्व निभा रही हूँ जिसमें चौथी में वंदना दाहिया एवं वेद पटेल कक्षा तीसरी में आज दिनांक तक गायब और मेरे द्वारा समग्र आईडी की जानकारी मांगने एवं पूछने पर प्रमोद पटेल द्वारा मुझे मानसिक परेशान करके एवं अभद्र व्यवहार करके गालियां बककर शांत करा दिया जाता था जिससे मेरी मानसिक स्थिति बहुत बिगड़ गई।

### गाली-गलौज अभद्र तरीके से बात करते हैं

शिक्षिका का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से प्रमोद पटेल द्वारा मानसिक परेशान गाली गलौच एवं अभद्र व्यवहार किया जा रहा बार बार चाय के लिए ऑफिस में बुलाया जाता एवं मनीष जैन उसका साथ डर के कारण देता कि मेडम मुझे बाइपास हुआ मैं उसके साथ रहूंगा क्योंकि घर से मुझे वो ही लाता। दो शिक्षक एक दूसरे के हस्ताक्षर बनाते सितंम्बर 2019 से अधिकतर मैनें विरोध किया जब पिछले 18 अक्टूबर 2021 सोमवार को भी मनीष जैन ने फर्जी हस्ताक्षर बनाये और मैने विरोध किया तो शनिवार को मेरे सामने मेरी अनुपस्थिति डालकर कहा जो उखाड़ना है उखाड़ लो हम लोग यही करेंगे।

# चाय नाश्ते के दुकानदार की करंट से मौत

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के दमोहनाका हनुमान मंदिर के सामने चाय नाश्ते की दुकान लगाने वाले दुकानदार की करंट लगने से इलाज के दौरान मौत हो गयी। यह घटना उस वक्त हुई जब दुकानदार अपनी दुकान बंद कर रहा था, उसी समय वाटर मशीन से तेज झटका लग गया। जिससे वह वहीं निढाल होकर गिर गया। जिसे तत्काल मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लेकिन इलाज के दौरान दुकानदार ने दम तोड़ दिया। अरविंद अग्रवाल ने बताया कि उनके चाचा विजय कुमार अग्रवाल उम्र 56 वर्ष मिलौनीगंज में रहते थे और चाय नाश्ते की दुकान लगाते थे। दरमियानी रात जब वह दुकान बंद कर रहे थे, तभी वाटर मशीन से बिजली का तेज झटका लगा। जिन्हें बेहोशी की हालत में मेडिकल में भर्ती किया गया था, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

**दमोहनाका में दुकान बंद करते समय वाटर मशीन से लगा झटका**

### स्कूटर से गिरा अधेड़, सिर में चोर : मौत

तो वहीं कैंट थाना के सदर बाजार में 19 अक्टूबर 2021 को महाधिवक्ता कार्यालय में पदस्थ मदन मोहन जोशी उम्र 56 वर्ष अपने ऑफिस से बिलहरी आ रहे थे। तभी तेज रफ्तार स्कूटर फिसल गया और अधेड़ सीधे सिर के बल रोड पर जा गिरे। जिन्हें तत्काल मेडिकल अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, लेकिन दरमियानी रात इलाज के दौरान अधेड़ ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है।

# सहेली के प्रेमी ने किया बलात्कार

## 3 माह से फोन पर कर रहा था प्यार का इजहार

जबलपुर। स्कूली छात्रा को उसकी सहेली के बॉयफ्रेंड ने अपने प्रेम जाल में फंसाया और देवताल गार्डन ले जाकर जबरदस्ती बलात्कार कर दिया। बलात्कार के बाद युवक ने लड़की से शादी करने की बात कही और धमका कर भाग गया। एएसपी गोपाल प्रसाद खांडेल ने बताया कि पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर रेप एवं पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज कर, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

**देवताल गार्डन में दिया घटना को अंजाम गढ़ा पुलिस ने आरोपी को दबोचा**

### दसवीं की छात्रा है पीड़िता

गढ़ा पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर क्षेत्र निवासी 16 वर्षीय छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कक्षा दसवीं में पढ़ाई करती है। उसी के कक्षा में पढ़ने वाली एक अन्य लड़की उसकी अच्छी सहेली है। उसकी सहेली अक्सर अपने प्रेमी रिंकू से मिलने के लिए जाया करती थी, सहेली के साथ वह भी कभी-कभी चली जाती थी। जिस कारण उसकी भी रिंकू से जान पहचान हो गई थी।

### नाबालिक से किया शादी का वायदा

कुछ महीने पहले रिंकू ने बात करने के लिए उसका मोबाइल नंबर ले लिया था। बात करते-करते रिंकू ने करीब 3 माह पहले उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और शादी करने की बात करने लगा। दोनों में अक्सर फोन पर बात होती रहती थी। इसी बीच रिंकू ने फोन करके छात्रा को मिलने के लिए बुलाया। छात्रा अपने घर से ऑटो में बैठकर शारदा चौक पहुंची।

### दोपहर में दिया वारदात को अंजाम

शारदा चौक से रिंकू ने उसे अपनी बाइक में बैठाया और देवताल गार्डन घुमाने के लिए ले गया। जहां दोपहर करीब 12:30 बजे उसने देवताल गार्डन के सुनसान इलाके में जबरदस्ती छात्रा के साथ बलात्कार किया और शादी का झांसा देकर धमकी देते हुए भाग गया। घटना के बाद पीड़ित छात्रा ने अपने परिवार वालों को जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने गढ़ा थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। गढ़ा पुलिस ने छात्रा की रिपोर्ट पर आरोपी रिंकू के खिलाफ एवं पास्को एक्ट की एफआईआर दर्ज कर, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## गोरखपुर में अजब-गजब चोरी

# बिना ताला टूटे ही दुकान से हजारों का माल गायब

**जबलपुर, यशभारत।** गोरखपुर की यादव कॉलोनी स्थित एक दुकान में बिना ताला टूटे ही हजारों का माल गायब हो गया। आज सुबह जब व्यापारी को दुकान के नौकरों ने सूचना दी तो हैरान व्यापारी ने यहां-वहां दुकान का माल खोजा, लेकिन कहीं नजर नहीं आया। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी ने गोरखपुर में एफआईआर दर्ज करवाई। अब पुलिस दुकान के आसपास लगी सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर अज्ञात चोर की तलाश में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि रुपेन्द्र कुमार जैन उम्र 47 वर्ष पिता दानपति जैन जय नगर यादव कॉलोनी के निवासी है। जिनकी बर्तन सहित अन्य प्रोडक्ट्स की दुकान है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि दरमियानी रात दुकान को बंद कर घर चला गया था। आज सुबह आकर देखा तो दुकान से करीब 10 हजार का कीमती सामान गायब था। पुलिस को शक है कि चोरी दुकान के किसी नौकर ने की है। पुलिस दुकान व आसपास में लगे सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।

# मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर आज विविध कार्यक्रम

## स्कूलों में रैली , दौड़ ,शाम को मानस भवन में मुख्य समारोह




जबलपुर। मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर आज एक नवम्बर को जिला मुख्यालय पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सुबह 7.30 बजे से मालवीय चौक से राईट टाउन स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सुबह 8 बजे स्कूली बच्चों द्वारा विद्यालय के परिसरों में प्रभात फेरी निकाली गई तथा सुबह 9 बजे ग्वारीघाट में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं एनजीओ के सहयोग से नर्मदा तट की स्वच्छता तथा श्रमदान कार्यक्रम किया गया। बेलबाग स्कूल व शासकीय उ.मा. विद्यालय गौरैयाघाट विद्यार्थियों की रैली का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस का मुख्य समारोह एक नवम्बर की शाम 5 बजे राईट टाउन स्थित मानस भवन में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए जनभागीदारी अभियान'' पर केन्द्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। जिला प्रशासन द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर आयोजित जिला स्तर के इस कार्यक्रम में शामिल होने नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

# गरीब रथ से टकराई महिला मौत

***जबलपुर यश भारत।** नया मोहल्ला निवासी एक 51 वर्षीय महिला गोटेगांव में रहने वाले अपने रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी वह है जब बीती रात जबलपुर आने के लिए रेलवे लाइन पार करके स्टेशन जा रही थी इसी दौरान वह मुंबई जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस से उक्त महिला टकरा गई जिससे उसके शरीर के कई टुकड़े हो गए सूचना पर पहुंची जीआरपी ने प्रारंभिक कार्यवाही के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया गया/जीआरपी द्वारा मृतका की शिनाख्त जबलपुर नया मोहल्ला निवासी 51 वर्षीय कमरजहां पति अब्दुल मुनीश खान के रूप में की गई।

### प्लेटफार्म 6 के पास मृत मिला अधेड़

जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 जनअहार के सामने एक 55 वर्षीय वृद्ध की लाश मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। जीआरपी द्वारा मृतक की शिनाख्त 55 वर्षीय रामचरण गोटिया पिता सुलोचन गोटिया हाल मुकाम बल्दी कोरी की दफाई सिद्ध बाबा के रूप में की गई।

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना | मुरमुरा | बोल्ड चना | केला चिप्स | बोल्ड पीनट | मसाला चना | ड्राय मेल | चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )